राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 338
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु जिला व्यापार बंधु समिति की | पेज 4 बरखेड़ा : तीन बच्चों के पिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी | पेज 6 सिद्धू ने ऋषभ की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे फीनिक्स पक्षी

## संक्षिप्त खबरें

### रामपुर सीआरपीएफ कैंप हमले के दोषियों को फांसी नहीं होगी

**प्रयागराज।** रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर 31 दिसंबर, 2007 को हुए हमले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोषियों को राहत दी है। हाईकोर्ट ने 4 दोषियों की फांसी और एक की उम्रकैद की सजा की रद्द कर दी। सेशन जज रामपुर ने 2 नवंबर, 2019 को 4 दोषियों मोहम्मद शरीफ, सबाउद्दीन, इमरान शहजाद और मोहम्मद फारुख को फांसी की सजा सुनाई थी। जबकि जंग बहादुर को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने मोहम्मद कौसर और गुलाब खान को बरी कर दिया था। रामपुर सीआरपीएफकैंप पर हुए हमले में 7 जवान शहीद हो गए थे। साथ ही एक रिक्शा चालक भी मारा गया था। आतंकियों ने एक-47 और ग्रेनेड से हमला किया था।

### हिमाचल में विवादित संजौली मस्जिद गिराने के आदेश

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में विवादित संजौली मस्जिद को पूरी तरह हटाना होगा। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट यजुवेंद्र सिंह ने वक्फ बोर्ड और संजौली मस्जिद कमेटी की याचिका पर आज (गुरुवार को) फैसला सुनाया। कोर्ट ने निगम आयुक्त शिमला के फैसले को सही ठहराया। इनकी याचिका पर जिला अदालत मस्जिद को तोड़ने का काम रोक दिया था। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने 5 अक्टूबर 2024 को मस्जिद की ऊपर की 3 मंजिल को हटाने के आदेश दिए थे। मामला फिर हाईकोर्ट में चला।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- अगर आपकी 1 करोड़ की लॉटरी लग जाए और उसी दिन मेरा अपहरण हो जाए और वो लोग मुझे छोड़ने के लिए 1 करोड़ मांगे तो आप क्या करेंगे? पति- तुम्हारा सवाल तो अच्छा है लेकिन एक दिन में मेरी 2 लॉटरी कैसे लग सकती है?.....



### शायरी

क्या ख़बर ख़ुद को ही अब
बेचना पड़ जाए यहाँ
किस को मा%लूम सितम कैसे
ये महँगाई करे

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,404.46
-592.67 (0.70%)
निफ्टी:
25,877.85
-176.05

### मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 6 : 37
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 48

# भारत तीसरी बार विमेंस वर्ल्डकप के फाइनल में

## सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया, जेमिमा ने 127 रन बनाए




**नवी मुंबई।** जिस जेमिमा रॉड्रिग्ज को बीच टूर्नामेंट प्लेइंग-11 से ड्रॉप कर दिया गया था, उसी जेमिमा ने अपने बल्ले के दम पर सात बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया। जेमिमा की 127 रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर 5 विकेट से जीत हासिल की।

डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 339 रन का टारगेट रखा था। विमेंस वनडे के 52 साल के इतिहास में कभी इतना बड़ा टोटल चेज नहीं हुआ था। जेमिमा और टीम इंडिया ने नया इतिहास रच दिया और 9 गेंद बाकी रहते हुए 341 रन बनाकर मैच जीत लिया।

भारत ने तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। 2 नवंबर को होने वाले फाइनल में उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा। जेमिमा के साथ अमनजोर कौर 15 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जीत का चौका अमनजोत ने ही लगाया।

भारत के दो विकेट 59 रन के स्कोर पर गिर गए थे। प्रतिका रावल की जगह प्लेइंग-11 में आईं शेफाली वर्मा 10 रन बनाकर और टीम की सबसे बड़ी उम्मीद स्मृति मंधाना 24 रन बनाकर आउट हो जाती हैं। यहां से जेमिमा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जोरदार पार्टनरशिप कर भारत की वापसी कराई।

इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 गेंदों पर 167 रन जोड़ दिए। हरमन 89 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेमिमा ने दीप्ति शर्मा के साथ 38 रनों की साझेदारी की।

### मोकामा में आरजेडी नेता की हत्या

**पटना।** मोकामा में गुरुवार (30 अक्टूबर) को जनसुराज के कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के काफिले पर हमला हुआ है। इसमें उनके काफिले में शामिल एक राजद नेता दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। दुलारचंद यादव जनसुराज कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के साथ चुनाव प्रचार में शामिल थे। जनसुराज के नेताओं ने बताया कि हमारे कैंडिडेट का काफिला अनंत सिंह की गाड़ी के पीछे था। अचानक से अनंत सिंह के समर्थक गाड़ियों से निकले और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना घोसवारी की है। पीएम के खिलाफ अभद्र बयान पर बीजेपी ने बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की शिकायत की है। राहुल ने मुजफ्फरपुर में बुधवार को चुनाव रैली में कहा था कि आप उनसे कहो कि देखो भइया हम आपको वोट देंगे।

### मुंबई में फर्जी वैज्ञानिक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्सोवा से 60 साल के फर्जी वैज्ञानिक अख्तर कुतुबुद्दीन हुसैनी को गिरफ्तार किया। वह खुद को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर का अधिकारी बताता था और BARC में भी घुस चुका है। अख्तर के पास से 14 मैप, परमाणु ब्लूप्रिंट और तीन पासपोर्ट बरामद हुए हैं, जिनका इस्तेमाल उसने कई बार विदेश यात्राओं के लिए किया था। शक है कि ये यात्राएं जासूसी या गोपनीय जानकारी के लेन-देन से जुड़ी हैं। अख्तर को अधिकारी पिछले दो साल से ट्रैक कर रहे थे। क्राइम ब्रांच ने उसे NIA और IB की सूचना पर पकड़ा। घर की तलाशी के दौरान पुलिस को फर्जी पासपोर्ट, आधार, पैन कार्ड और BARC के नकली आईडी कार्ड मिले हैं। एक पहचान पत्र पर नाम अली रजा हुसैन, तो दूसरे पर अलेक्जेंडर पामर लिखा था।

# केंद्र ने जस्टिस सूर्यकांत को 53वां सीजेआई नियुक्त किया

## 24 नवंबर को शपथ, 14 महीने पद पर रहेंगे; पेगासस केस की जांच कराई थी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया नियुक्त किया गया है। वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे। कानून मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे।

सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल करीब 14 महीने का होगा। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। सीजेआई गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी।

जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायपालिका की 20 साल की सेवा में कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए। पेगासस जासूसी मामले में वे उस बेंच का हिस्सा रहे, जिसने साइबर विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर मामले की जांच करवाई।

### सीजेआई बनने वाले हरियाणा के पहले शख्स

जस्टिस सूर्यकांत इंडियन ज्युडिशियरी की टॉप पोस्ट पर पहुंचने वाले हरियाणा के पहले शख्स होंगे। उनके नाम की सिफारिश करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट की कमान संभालने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने बिहार में एसआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई भी की। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को रेखांकित करने वाले एक आदेश में जस्टिस सूर्यकांत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर किए गए 65 लाख नामों की डीटेल सार्वजनिक की जाए।

# चक्रवात मोन्था कमजोर पड़ा, लेकिन नेपाल तक असर

## यूपी-बिहार में बारिश, एमपी में तेज हवाओं से तापमान गिरा; आंध्र में तीन लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** चक्रवात मोन्था लगातार कमजोर हो रहा है। लेकिन, इसका असर कई राज्यों में देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। यूपी के लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में बारिश हो रही है। काशी में बारिश से जलभराव हो गया है। बुधवार को मध्य प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। इससे तापमान में कमी आई है। उज्जैन में तापमान 23 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इधर, चक्रवात मोन्था ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उड़ीसा में काफी नुकसान किया है। आंध्र प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गई, 42 मवेशी मारे गए और करीब 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। तेलंगाना के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है।

# मुंबई में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले का एनकाउंटर

## इलाज के दौरान मौत; स्टूडियो में बच्चों को ऑडिशन के बहाने बुलाया था, सभी बचाए गए




**मुंबई।** मुंबई के पवई इलाके के रा स्टूडियो में गुरुवार को 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बनाने वाला एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान फायरिंग में आरोपी रोहित आर्या को गोली लगी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

रोहित ने दोपहर 1: 45 बजे 17 बच्चे, एक सीनियर सिटिजन और एक नागरिक को बंधक बनाया था। पुलिस और स्पेशल कमांडो ने एक घंटे की कार्रवाई में सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया।

पुलिस को घटनास्थल से एक एयरगन और केमिकल भी मिला था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 100 से ज्यादा बच्चों को ऑडिशन के लिए बुलाया था।

### आरोपी रोहित बोला- मुझे बस कुछ सवाल पूछने हैं

**रोहित ने बंधक बनाने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसमें वह कह रहा था...**

मैं रोहित आर्या हूं। सुसाइड करने के बजाय मैंने एक योजना बनाई है और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाकर रखा है। मेरी ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी बहुत ही साधारण मांगें हैं, नैतिक मांगें हैं और कुछ सवाल हैं। मैं कुछ लोगों से बात करना चाहता हूं, उनसे सवाल पूछना चाहता हूं और अगर उनके जवाबों के जवाब में मेरे पास कोई सवाल हो, तो मैं उनसे भी पूछना चाहता हूं, लेकिन मुझे ये जवाब चाहिए।

मुझे और कुछ नहीं चाहिए। मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं, न ही मैं बहुत ज्यादा पैसे की मांग करता हूं, और मैं कोई अनैतिक मांग नहीं कर रहा हूं। मैंने एक प्लान के तहत बच्चों को बंधक बनाया है। अगर मुझे थोड़ा भी उकसाया गया तो मैं इस जगह (स्टूडियो) को आग लगा दूंगा। मैंने आत्महत्या का कदम उठाने के बजाय यह प्लान बनाया था। मुझे उकसाया न जाए, नहीं तो मैं बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाला कदम उठा लूंगा।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा, एनसी-बीजेपी विधायक भिड़े

## बाढ़ पर चर्चा चाहते थे, अध्यक्ष ने परमिशन नहीं दी; विरोध करने वाले विधायकों मार्शलों ने बाहर निकाला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को विपक्षी भाजपा विधायक, एनसी विधायकों से भिड़ गए। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा नेता खड़े हो गए और प्रश्नकाल स्थगित करने की मांग करने लगे। उनका कहना था कि सदन में जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों पर आधे घंटे की चर्चा की जाए। लेकिन अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने बीजेपी विधायकों से प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया।

भाजपा सदस्य नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे। हंगामा बढ़ने पर किश्तवाड़ से भाजपा विधायक शगुन परिहार सदन के वेल में जाने लगीं, लेकिन महिला वॉच एंड वार्ड स्टाफ ने उन्हें रोक दिया।

इसके बाद वेल में कूदने दो भाजपा विधायकों आरएस पठानिया और सुरिंदर कुमार को मार्शलों ने बाहर निकाल दिया। बीजेपी विधायक पूरे प्रश्नकाल तक सदन में खड़े रहे, बाद में उन्होंने बायकॉट कर दिया।

### बुधवार को भी हुआ था हंगामा

उमर सरकार टेनेंसी रिफॉर्म, पंचायती राज, लेबर वेलफेयर और कोऑपरेटिव से जुड़े चार महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। बुधवार को भी सदन में हंगामा हुआ, जब राज्य निर्वाचन आयुक्त की एज लिमिट 65 से 70 साल करने वाला विधेयक पेश किया गया था।

### रोहतक एमडीयू विवाद, सुपरवाइजर समेत 3 पर एफआईआर

**रोहतक।** हरियाणा में रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में महिला सफाई कर्मियों के कपड़े उतरवाकर पीरियड्स चेक करने के मामले में कुछ नई बातें सामने आई हैं। एक पीड़ित महिला ने बताया है कि जब उन्होंने सुपरवाइजर को पीरियड्स के बारे में बताया था तो वह देरी का कारण का मान गया था, लेकिन उसी समय उसे किसी का कॉल आया। महिला बताती है कि कॉल डिसकनेक्ट होने के बाद सुपरवाइजर ने कहा कि काम पर देरी से आने का कारण पीरियड्स हैं तो भी सबूत देना होगा।

## रेलवे ब्रिज बना रही क्रेन चलती गाड़ियों पर गिरी : 2 की मौत, 4 घायल

**पीथमपुर।** धार जिले के पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर पिलर चढ़ा रही क्रेन पलट गई और सर्विस रोड से गुजर रहे दो पिकअप वाहनों पर गिर गई। दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 4 लोग घायल हैं।

हादसा गुरुवार सुबह करीब 8: 30 बजे सागौर इलाके में हुआ। दोपहर करीब 2: 30 बजे परमार समाज के लोगों ने महू नीमच राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे करीब 8 किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। मृतक कल्याण के परिजन मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर सतनाला चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे थे।

एसडीएम राहुल गुप्ता और परिजन के बीच चर्चा के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद शाम चार बजे धरना-प्रदर्शन खत्म हो गया। इस दौरान मृतक के परिजन को 12 लाख रुपए की सहायता राशि देने पर सहमति बनी है। इस

# आरएसएस ड्रेस पहनने वाले सरकारी कर्मचारी के सस्पेंशन पर रोक

## कर्नाटक का मामला; सीएम का शाखा पर प्रतिबंध, हाईकोर्ट का स्टे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के लिंगासुगुर में आरएसएस कार्यक्रम में जाने वाले सरकारी कर्मचारी प्रवीण कुमार केपी के सस्पेंशन पर स्टे लगा दिया गया है। यह रोक कर्नाटक स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने लगाई है।

प्रवीण कुमार पंचायत विकास अधिकारी के अलावा भाजपा विधायक मनप्पा डी वज्जल के पीए (पर्सनल असिस्टेंट) भी हैं। प्रवीण 12 अक्टूबर को आरएसएस की ड्रेस पहनकर संगठन के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया था। प्रवीण ने इस फैसले के खिलाफ ट्रिब्यूनल में अपील की। ट्रिब्यूनल के ज्यूडिशियल मेंबर एस वाई वटवती की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को अंतरिम आदेश पारित किया। साथ ही राज्य को अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। कर्नाटक में आरएसएस शाखा पर प्रतिबंध को लेकर राज्य सरकार काफी समय से प्रयास कर रही है। हालांकि कर्नाटक हाईकोर्ट की धारवाड़ बेंच ने 28 अक्टूबर को राज्य सरकार के आदेश पर स्टे लगा दिया, जिसमें बिना परमिशन सरकारी जगहों पर आरएसएस की शाखा लगाने और 10 से ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर रोक लगा दी गई थी।

**दिल्ली दंगा** | हिंसा फैलाने की कोशिश हुई; सुप्रीम कोर्ट में 177 पन्नों का हलफनामा दाखिल

# पुलिस बोली-दिल्ली दंगे देश में सत्ता परिवर्तन की साजिश थी



**नई दिल्ली।** 2020 के दिल्ली दंगे कोई अचानक भड़की हिंसा नहीं थे, बल्कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन करने की साजिश के तहत किए गए थे। इसका मकसद देश को कमजोर करना था।

पुलिस ने यह बात 177 पन्नों के हलफनामे में कही है, जो सुप्रीम कोर्ट में उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दाखिल किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, जांच में मिले गवाहों के बयान, दस्तावेज और तकनीकी सबूत बताते हैं कि यह दंगे नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ विरोध को हथियार बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कराए गए थे। पुलिस का कहना है- इस साजिश के तहत देशभर में हिंसा फैलाने की कोशिश हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, केरल और कर्नाटक जैसे राज्य भी शामिल थे।

उमर खालिद और शरजील इमाम साजिशकर्ता थे, जिन्होंने लोगों को भड़काने का काम किया।

दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

### पुलिस बोली- आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे

दिल्ली पुलिस की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वकील रजत नायर और ध्रुव पांडे पेश हो रहे हैं।

पुलिस ने अदालत में कहा कि आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे हैं, ताकि केस की सुनवाई में देरी हो। यह न्याय प्रक्रिया में रुकावट डालने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट अब पुलिस के इस हलफनामे पर सुनवाई करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को मामले की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर को आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्तों का अतिरिक्त समय देने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई अब 31 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पुलिस की ओर से और समय मांगा। लेकिन, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि हमने आपको पर्याप्त समय दिया था।

# व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुगम व सुदृढ़ बनाना तथा व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान व्यापारिक प्रतिनिधियों ने अतिक्रमण, जाम, पार्किंग, सड़कों की मरम्मत, जीएसटी से जुड़ी जटिलताओं जैसी प्रमुख समस्याओं को विस्तारपूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष रखा। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी एवं आसपास के बाजार क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारिक गतिविधियों को किसी भी प्रकार की समस्या से प्रभावित न होने दिया जाए। उन्होंने नगर पालिका दादरी एवं अन्य स्थानीय निकायों को निर्देश दिए कि बाजारों में अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाए ताकि दुकानदारों व ग्राहकों को सुगमता से आवाजाही की सुविधा मिल सके।



जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा पीक आवर्स में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि वे निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय कर सकें।

इसके साथ ही जनपद के प्रमुख व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा किए जा रहे त्वरित निर्णयों से जनपद में व्यापारिक माहौल और अधिक सकारात्मक हुआ है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने स्तर पर व्यापारिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संयुक्त रूप से कार्य करें, ताकि जनपद में व्यवसायिक वातावरण और अधिक अनुकूल एवं निवेश के लिए प्रेरक बन सके।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू0-अ0 बच्चू सिंह, राजेश कुमार सिंह, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान अनिरुद्ध कुमार, जिला लीड बैंक प्रबंधक राजेश सिंह कटारिया, ईओ दादरी शालिनी गुप्ता, जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारीगण सहित उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विकास जैन, चेयरमैन नवनीत, उकता गुप्ता, उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल, सचिव मनीष शर्मा, शिवा चौहान व जिला सचिव विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण के बाहर किसानों का प्रदर्शन

## चेयरमैन से मिलने की बात पर अड़े, मांगों पर जवाब मांगा, लगा दिए टैंट

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच के बैनर तले किसानों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी प्राधिकरण पर जारी है। बातचीत के लिए प्राधिकरण के ओएसडी गए। हालांकि किसान चेयरमैन , आईडीसी दीपक कुमार से मिलने की मांग कर रहे है। किसानों ने कहा कि वो उन्हीं के समक्ष अपनी समस्या रखेंगे। किसानों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक यहां से नहीं हटेंगे।

गुरुवार दोपहर को किसान सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बाहर एकत्रित हो गए। यहां एक दिन पहले ही टैंट लगा दिए थे। वहीं बैठ गए और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्राधिकरण दफ्तर से पहले पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर रखी है। हालांकि आज किसानों ने शांति से बैठकर ही प्रदर्शन किया और वक्ताओं ने किसानों के समक्ष अपनी बात रखी। दोपहर के समय ओएसडी क्रांति शेखर बातचीत के लिए किसानों के बीच पहुंचे।



### नाराज किसानों ने कहा चेयरमैन से मिलेंगे

किसानों ने अधिकारियों से मांगों को लेकर जबाव मांगा लेकिन अधिकारी ठोस जबाव नहीं दे सके। इससे नाराज किसानों ने कहा कि मांगें माने जाने तक धरना स्थल से नहीं हटेंगे। किसानों ने यह भी मांग की है कि जल्द उनकी नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार व आला पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कराई जाए।

### किसानों की ये है मांग

पांच व दस प्रतिशत भूखंड देने, आबादी विनियमितिकरण, पांच प्रतिशत भूखंड पर व्यावसायिक अनुमति देना समेत अन्य मांगे हैं। इस मौके पर यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# नोएडा में सड़क पर खड़े बच्चे पर चढ़ी कार

**नोएडा।** नोएडा में सड़क पर खड़े तीन साल के बच्चे पर कार चढ़ गई। बच्चा कार के पीछे खड़ा था। तभी ड्राइवर कार बैक करने लगा। इस दौरान कार असंतुलित हो गई और बच्चे के ऊपर से निकलते हुए ढलान में फंस गई। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है।

मौके पर मौजूद बच्चे के परिजनों ने कार के नीचे से उसे बाहर निकाला। उसके सिर से लगातार खून बह रहा था। परिजन उसे गंभीर हालत में तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। मामला बुधवार शाम है। घटना सेक्टर-31 की है। बच्चे के परिजन की तहरीर और सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। कार को भी जब्त कर लिया गया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक बच्चा कार के पीछे खड़ा है। आगे खड़ी नीले रंग की कार में ड्राइवर बैठा है। ड्राइवर कार बैक करने लगा। तभी गाड़ी एकदम से बच्चे के ऊपर चढ़ गई और अनियंत्रित होकर ढलान में जा गिरी। पिता ने बताया कि अभि(3) दुकान से चॉकलेट लेने गया था। वहां से आते वक्त कार की चपेट में आ गए। ओर टायर के नीचे आ गया। ये हादसा सेक्टर 31 ए ब्लॉक में हुआ है। बच्चे का परिवार वही रहता है।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 42.78 लाख की ठगी

## 15 बार में अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई रकम

**नोएडा।** निवेश के नाम पर पीड़ित से 42.78 लाख रुपए की ठगी हो गई। ये पैसा 15 बार में अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की गई। निवेश के दौरान मुनाफा दिखने पर जब पीड़ित ने पैसे निकालने की अनुमति मांगी। ठगों ने पीड़ित को ग्रुप से बाहर कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत की। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है साथ ही उन खातों को फ्रीज कराने का प्रयास कर रहे है जिनमें रकम ट्रांसफर की गई।

### इंस्टाग्राम पर दिखा पेज

पीड़ित को इंस्टाग्राम पर एक पेज दिखाई दिया। जिसमें लोग निवेश पर अच्छे मुनाफे की बात कर रहे थे। उक्त पेज की बातों से संतुष्ट होकर दिए गए वॉट्सऐप नंबर पर संपर्क किया। वहां उन्हें निवेश करने के लिए कुछ लिंक भेजे गए। पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया। जिसके बाद उनको एक वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ दिया गया। ग्रुप में पहले से काफी लोग जुड़े थे। वो सभी मुनाफे के स्क्रीन शॉट ग्रुप पर भेज रहे थे। विश्वास होने पर उनको एक अलग ग्रुप से जोड़ा गया। निवेश के लिए लिंक शेयर किया गया।

### 35 दिनों में किए ट्रांजैक्शन

एक जुलाई से 5 अगस्त तक उन्होंने ट्रांजैक्शन किए। पहले कुछ ट्रांजैक्शन में उनको मुनाफा दिखा। जिसे निकालने की अनुमति दी गई। इसके बाद उन्होंने बड़ा एमाउंट निवेश किया। जिस पर बड़ा मुनाफा उनके अकाउंट में शो होने लगा।

## युवती ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले युवक ने साथी कर्मचारी को प्रेम जाल में फंसा लिया। कुछ दिन बाद युवक ने शादी से इनकार किया तो युवती ने 27 अक्टूबर को गढ़ी चौखंडी गांव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूलरूप से आगरा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है। बेटी करीब तीन माह पहले आगरा से नोएडा में नौकरी करने के लिए आई थी। फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगी। उसने गढ़ी चौखंडी गांव में रहने के लिए एक कमरा किराए पर लिया। कंपनी में काम करते समय उसकी मुलाकात कानपुर देहात के जामू गांव निवासी भानू सिंह से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। एक दिन महिला को उसकी बेटी ने बताया कि वह भानू के साथ शादी करना चाहती है।

# नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए हवाई अड्डा आपातकालीन योजना समिति की बैठक संपन्न

**आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों, बुनियादी ढाँचे की तैयारी और चिकित्सा समन्वय को मज़बूत करने पर हुई गहन चर्चा**

**गौतमबुद्ध नगर।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए हवाई अड्डा आपातकालीन योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एनआईए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ सैल्मन ने की, जबकि सह-अध्यक्षता गौतमबुद्ध नगर के अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह ने की।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की आपदा प्रबंधन योजना (2016) और ष्ठत्रष्ट के नियमों के अंतर्गत गठित यह समिति हवाई अड्डे की आपातकालीन तैयारी की रूपरेखा की समीक्षा, अद्यतनीकरण और संकट की स्थितियों में विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने वाली शीर्ष इकाई के रूप में कार्य करती है।



बैठक के दौरान समिति ने हवाई अड्डे की आपातकालीन तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान हवाई अड्डा आपातकालीन ढाँचे पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें ICAO अनुलग्नक 14, DGCA CAR और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत आवश्यक नियामक प्रावधानों और संरचना पर प्रकाश डाला गया।

आपातकालीन संचालन केंद्र, पुनर्मिलन क्षेत्र और मीडिया केंद्र के लेआउट तथा उनकी कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई, ताकि आपात स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य और चिकित्सा सहायता के क्षेत्र में सामूहिक दुर्घटनाओं व संभावित आपदाओं से निपटने के लिए स्थानीय अस्पतालों, एम्बुलेंस सेवाओं और हवाई अड्डा स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 1.36 करोड़ ठगे

## 22 बार में 20 दिन में रकम की ट्रांसफर, साइबर सेल में शुरू की जांच

**नोएडा।** शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर अपराधियों ने कारोबारी दंपती के साथ 1.36 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। ठगों के कहने पर दंपती ने करीब 22 बार खाते में रकम ट्रांसफर की। मामले की शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने तीन तथाकथित ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाने में दी शिकायत में सेक्टर-128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी निवासी राम कृष्ण खंडेलवाल ने बताया कि इसी माह उनकी पत्नी से नेहा नाम की महिला ने वॉट्सऐप पर बातचीत करनी शुरु की। नेहा ने शिकायतकर्ता की पत्नी को शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उसे निवेश संबंधी एक ग्रुप में जोड़ भी लिया गया। महिला ने पति को भी निवेश संबंधी जानकारी दी और ग्रुप पर जुड़कर मुनाफा कमाने के बारे में बताया। महिला के कहने पर उसके पति को भी ग्रुप में जोड़ लिया गया। दोनों को कई दिन तक निवेश संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।



इस दौरान ठगों ने एक ऐप डाउनलोड करवाया। दंपती के नाम से अलग-अलग खाते खुलवाए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिकायतकर्ता ने प्रारंभिक चरण में छह अक्टूबर को महज दस हजार रुपए का निवेश किया। इसपर उन्हें अच्छा खासा लाभ हुआ। मुनाफे समेत पूरी रकम निकालने की अनुमति भी ठगों ने शिकायतकर्ता को दी। फिर राम कृष्ण ने ज्यादा मुनाफा कमाने का सोचा।

### 20 दिन 22 बार किए ट्रांसफर

20 दिन में कुल 11 बार में 70 लाख 75 हजार रुपए ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर किए। शिकायतकर्ता की पत्नी ने 16 अक्टूबर से ट्रेडिंग करनी शुरू की और सात दिन में 11 से अधिक बार में कुल 65 लाख 60 हजार रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर किए। जो ऐप डाउनलोड कराया गया था उसपर दोनों का मुनाफा तीन करोड़ रुपए के आसपास दिख रहा था। अचानक से रुपये की आवश्यकता पड़ गई तो शिकायतकर्ता ने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया।

## ग्रेटर नोएडा में कार ने महिला को मारी टक्कर; घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी 2 में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। 16 th एवेन्यू सोसाइटी के पास एक कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी बैक करते हुए एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर लगने से महिला के दोनों पैर टूट गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उसे पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए उपचार शुरू कर दिया है। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र की है। पीड़ित महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, कार का रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच47टीसी09543 है और घटना का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

# नोएडा एयरपोर्ट से जुड़ेगा ई-बस नेटवर्क

## यात्रियों के लिए चलेंगी 500 इलेक्ट्रिक बसें

**जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी है। इनमें से 200 बसें नोएडा प्राधिकरण द्वारा संचालित होंगी, जबकि ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण 150-150 ई-बसों का संचालन करेंगे। इस परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया जा रहा है। एसपीवी के बनने से परियोजना के काम में तेजी आने की उम्मीद है। एयरपोर्ट को अन्य शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्यों से भी सहयोग मांगा है। इसके तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के परिवहन विभागों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसका उद्देश्य इन राज्यों की सरकारी बसों को सीधे नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचाना है।

इसके अतिरिक्त, एयरपोर्ट प्रबंधन ने ऐप-आधारित कैब कंपनियों के साथ भी अनुबंध किया है, जिससे यात्रियों को टैक्सी सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी। प्राधिकरणों के अधिकारियों के अनुसार, ई-बस सेवा शुरू होने से पर्यावरण को लाभ मिलेगा और एयरपोर्ट तक यात्रियों की पहुंच भी सुगम हो जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में किसानों का मुआवजा जल्द बढ़ेगा

**जेवर।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के किसानों को जल्द ही मुआवजे में बढ़ोतरी मिल सकती है। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त दीपक कुमार से मुलाकात की है। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि गौतमबुद्ध नगर में वर्षों से सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। इस कारण किसानों को मिलने वाले मुआवजे में वृद्धि नहीं हो पाई है। उन्होंने तर्क दिया कि एनसीआर में भूमि के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं, इसलिए किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस विकास के केंद्र में वे किसान हैं, जिन्होंने प्रदेश के भविष्य के लिए अपनी जमीनें दी हैं।

# दोहरे हत्याकांड के एक आरोपी का सरेंडर, एक आरोपी गिरफ्तार

दादरी। जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में दीपावली के दिन नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए दोहरे हत्याकांड के एक और आरोपी ने अलीगढ़ की कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

अब तक इस दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपी कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं, जबकि पुलिस ने एक आरोपी को कोर्ट के बाहर से गिरफ्तार कर लिया है। दीपावली के दिन सैंथली गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया था, जिसके बाद प्रिंस भाटी ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पड़ोसी अजय पाल भाटी व उसके भतीजे दीपांशु भाटी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस मामले में प्रिंस भाटी, बॉबी, मनोज नागर , सचिन, जितेंद्र आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रिंस भाटी करीब एक सप्ताह पहले बुलंदशहर कोर्ट में सरेंडर कर चुका है, जबकि मनोज नागर ने तीन दिन पूर्व गाजियाबाद कोर्ट कोर्ट में सरेंडर किया था।

गुरुवार को इस दोहरे हत्याकांड कि आरोपी बॉबी और सचिन अलीगढ़ कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे। बॉबी ने पुलिस को चकमा देकर किसी तरह कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जबकि सचिन को पुलिस की टीम ने कोर्ट के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी सचिन से हत्या में प्रयोग किए गए हथियारों को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी सचिन से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## सब-जूनियर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल ट्रायल का आयोजन सम्पन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा आज सब-जूनियर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल ट्रायल का आयोजन स्पर्श ग्लोबल स्कूल, सेक्टर-20, ग्रेटर नोएडा में किया गया। ट्रायल में जनपद की कुल 60 सब-जूनियर बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 परवेज अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी 31 अक्टूबर को मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित होने वाली मंडलीय स्तरीय फुटबॉल ट्रायल में प्रतिभाग हेतु चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रायल के सफल आयोजन हेतु गठित चयन समिति में फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से नामित शारुख, स्पर्श ग्लोबल स्कूल के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ0 अजीत नागर तथा बी0एल0एस0 वर्ल्ड स्कूल की शारीरिक शिक्षा निदेशक रितु चौधरी सम्मिलित रहीं। चयन समिति द्वारा मंडल स्तरीय ट्रायल हेतु निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया — खुशबू, दिशू, शिवानी, शैली, दीपिका, आशी, मोनिका, मानसी, काव्या, रिया, आहिस्ता, नेहा, आराध्या, पुष्पा, वाणी, यशिका तथा पवानी।

## जेवर एयरपोर्ट पर ट्रायल टला

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) पर गुरुवार को प्रस्तावित कैलिब्रेशन फ्लाइट का ट्रायल खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। अब यह परीक्षण शुक्रवार से शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रायल दो दिन चलेगा और हर दिन लगभग दो घंटे तक उड़ान सुरक्षा और नेविगेशन सिस्टम की जांच की जाएगी। कैलिब्रेशन फ्लाइट किसी भी नए एयरपोर्ट की सुरक्षा जांच का अहम हिस्सा होती है, जिसमें विमान रनवे, ILS, VOR, DME जैसे नेविगेशन उपकरण, कम्युनिकेशन और लाइटिंग सिस्टम की सटीकता की जांच करता है। पूरी प्रक्रिया डीजीसीए की देखरेख में होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट जेवर एयरपोर्ट अब उद्घाटन के करीब है। लगभग सारा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सीएम ने हाल ही में निरीक्षण किया था और उद्घाटन स्थल भी तय कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट का उद्घाटन नवंबर के तीसरे या चौथे सप्ताह में होने की संभावना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की उम्मीद है।

## यमुना एक्सप्रेसवे टोल पर किसान से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर गुरुवार देर शाम एक किसान और टोलकर्मी के बीच विवाद हो गया। यह विवाद कहासुनी से शुरू होकर हाथापाई तक पहुंच गया। घटना की जानकारी मिलते ही किसान ने अपने संगठन के अन्य सदस्यों को मौके पर बुलाया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में किसान टोल प्लाजा पर जमा हो गए और धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि यमुना एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए उनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी, इसके बावजूद उनसे टोल वसूला जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपत्ति जताने पर टोलकर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने आरोपी टोलकर्मी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने किसानों को मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टोल प्रशासन ने भी घटना की आंतरिक जांच करने की बात कही है।

## साइड नहीं देने पर कार में तोड़फोड़ करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** साइड नहीं देने पर एक कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज और मारपीट का प्रयास किया। पीड़ित ने आरोपी पर लूटपाट करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कैमराला चक्रसेनपुर गांव में सोनू भाटी परिवार के साथ रहते हैं। सोनू ने बताया कि वह बुधवार की शाम अपनी कार में सवार होकर ग्रेटर नोएडा आए थे। सेक्टर अल्फा वन कामर्शियल गोलचक्कर पर उन्होंने अपनी कार की रफ्तार धीमी कि तभी पीछे से एक युवक कार लेकर आया और साइड न देने की बात कहकर गाली-गलौज करने लगा।सोनू आरोपी युवक की बात को अनसुना कर आगे बढ़ गया। आरोप है कि आरोपी ने आगे बढ़ते ही कार से टक्कर मारने की कोशिश की। पीछा कर मेट्रो स्टेशन के समीप कार को रोक लिया और अपनी कार से डंडा निकालकर कार के बोनट पर मार दिया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की कोशिश की और गले से सोने की चेन झपट ली। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## धारदार हथियार से हमला

**दादरी।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर खटाना गांव में घर के सामने थूकने का विरोध करने पर विवाद खड़ा हो गया। परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई। धारदार हथियार से हमला किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। करन ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला बंटी बार-बार उनके घर के सामने थूक रहा था करन ने इसका विरोध किया तो बंटी अपने परिवार के लोगों को बुलाकर लाया।आरोपियों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से करन पर हमला कर दिया। करन की चाची और उसके पिता बीच बचाव में आए तो उनके साथ में मारपीट की गई। करन के पिता पर धारदार हथियार से हमला किया गया। इससे उनके हाथ में चोट आई है। गांव के अन्य लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी बंटी, यशपाल, हुकम सिंह और अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नए कानूनों के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में सभी थाना क्षेत्रों में 'अवेयरनेस वॉरियर्स' नामित किए गए हैं। ये ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें पूर्व में कानूनों के संबंध में जागरूक किया गया था, जो अब निरंतर नागरिकों को सरल भाषा में इन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों से अवगत करा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों एवं वॉरियर्स द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।गुरुवार को इस अभियान के तहत कमिश्नरेट के सभी थानों के पुलिस अधिकारियों द्वारा 'अवेयरनेस वॉरियर्स' के साथ अतुल्यम सोसाइटी, गौर यमुना सिटी सोसाइटी, सेक्टर-88 आदि विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरुक किया गया।

## सीईओ ने साफ-सफाई का निरीक्षण किया

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम. ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां की सफाई और रखरखाव व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली तमाम खामियों पर नाराजगी जताते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर सड़कों पर गड्ढे हैं, जिन्हें जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए गए। भविष्य में सड़कों को बेहतर बनाने के लिए उचित उपाय करने की बात कही गई। सड़कों पर गड्ढों और खुले होल की सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। सेक्टर-1 में एक औद्योगिक भूखंड से नाले में हो रहे प्रदूषण को रोकने के लिए संबंधित औद्योगिक इकाई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।सीईओ ने यह भी पाया कि कई स्थानों पर सड़कें और फुटपाथ क्षतिग्रस्त हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है।

# बरखेड़ा : तीन बच्चों के पिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, गांव में छाया मातम



**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडल में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान पिपरिया मंडल निवासी राजेश कुमार (38 वर्ष) पुत्र बाबूराम कोरी के रूप में हुई। राजेश तीन बच्चों का पिता बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब चार बजे राजेश बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। देर रात तक परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पिपरिया से दौलतपुर जाने वाले मार्ग पर अधकटा पुलिया के पास यूकेलिप्टिस के पेड़ से लटकता शव देखा, तो इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान राजेश के रूप में की। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। उसकी शादी करीब दस वर्ष पूर्व हुई थी और उसके दो बेटियां तथा एक बेटा हैं। राजेश की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही थाना बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजेश पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## यूपी में प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

**हमीरपुर।** हमीरपुर में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुधवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। लड़की की शादी उसके घरवालों ने तय कर दी थी। 2 नवंबर को बारात आनी थी। इसलिए लड़के ने प्रेमिका को आखिरी बार मिलने के लिए राजी किया था। लेकिन युवक को लड़की के घरवालों ने पकड़ लिया। युवक सल्फॉस और चाकू लेकर पहुंचा था। आरोप है कि उसने लड़की के चाचा पर चाकू से हमला किया। इससे वह भी घायल हो गए। इसके बाद गांव के लोगों ने युवक को बंधक बना लिया। उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर लाठी-डंडे से इस कदर पीटा कि उसकी जान चली गई। उधर, प्रेमी की मौत की खबर पाकर प्रेमिका ने भी अपना गला रेत लिया। उसकी हालत नाजुक है।

## वांक्षित आरोपी चढ़ा महरुआ पुलिस के हत्थे

### महिला को पीट पीट कर किया था मरणासन्न

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



अंबेडकर नगर। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर अभिजीत आर शंकर द्वारा अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महरुआ प्रभात कुमार अपने हमराही सिपाहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर गंभीर धाराओं में वांक्षित से चल रहे अभियुक्त को हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के पखनपुर पाकड़पुर गांव में बीते दिनों जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें उक्त आरोपी के द्वारा एक महिला को बुरी तरीके से मारा पीटा गया था जिसको मरणासन्न बेहोशी की अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके संदर्भ में महरुआ थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 196/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) 352 351 (3) 110 333 324 (4) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसके क्रम में वांछित अभियुक्त ज्ञान प्रकाश पुत्र जटाशंकर की महरुआ पुलिस खोज कर रही थी। तभी मुखबिर खास की सूचना पर सुखारी गंज बाजार से 100 मीटर दूर दुर्गु पुर मोड़ पर गुरुवार को महरुआ पुलिस को उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार करता टीम में प्रमुख रूप से उपनिरीक्षक प्रभात कुमार कांस्टेबल जयप्रकाश मौर्य हेड कांस्टेबल प्रमोट कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## कार के सर्विस सेंटर में लगी भीषण आग

महेश सिंह विशाल इंडिया



**लखनऊ।** गुरुवार को बीके मोटर्स कार के सर्विस सेंटर में भीषण आग लग गई। इसके बाद कुछ आवाज सुनाई दी। जिसे सुनकर लोग कांप गए। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की वजह से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मी शीशा तोड़ रहे थे ताकि धुंआ बाहर आ सके और घुटन न हो जिससे फायर ब्रिगेट के कर्मचारी पूरी तरह आग पर काबू मिल जाए।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मिल कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

## प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन देकर 8 नवंबर से टूल डाउन व पेन डाउन की चेतावनी

**बीसलपुर।** राष्टीय चीनी मिल अधिकारी परिषद, सहकारी चीनी मिल संघ एवं आसवनी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त प्रांतीय आवाहन पर बीसलपुर सहकारी चीनी मिल के कर्मचारियों ने गुरुवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मिल के प्रधान प्रबंधक डॉ. हरिराम कृष्ण गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की कि सहकारी चीनी मिल संघ द्वारा नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों का 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता तत्काल उपलब्ध कराया जाए, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को यथावत रखा जाए, और आउटसोर्स कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगे शीघ्र नहीं मानी गईं तो 8 नवंबर से टूल डाउन और पेन डाउन आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही 13 नवंबर को लखनऊ में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने का नेतृत्व कोऑपरेटिव चीनी मिल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष श्याम बहादुर शर्मा एवं महामंत्री राजेंद्र मिश्रा ने किया। इस दौरान चीनी मिल के उपसभापति नरेशचंद्र शर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# बेमौसम बारिश बनी अन्नदाताओं के लिए आफत

## खेतों में भीग रही कटी धान की फसल, रबी की बुआई बाधित

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही रुक रुककर बेमौसम बरसात ने धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। रुक-रुक कर हो रही इस बारिश से कटी हुई धान की फैसलें प्रभावित हो रही हैं, और कटाई का काम भी बाधित हो गया है। वहीं जो धान की फसल खड़ी है उसकी बालियां भी काली होने और फफूदी रोग लगने की पूरी संभावना है। किसान हताश निराश व परेशान एक टक अपने खेतों की तरफ नजर लगाकर इंद्रदेव भगवान से अनुनय विनय कर रहे हैं। हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण अंबेडकर नगर जिले में धान की पकी फैसलें खेतों में गिर रही हैं, फसलों के भीगने और डंठल नरम पड़ने से उनमें फफूदी रोग लगने का खतरा बढ़ गया है, जिससे धान की गुणवत्ता विशेष रूप से प्रभावित होना सुनिश्चित हो रही है। यह बेमौसम बारिश अरब सागर में बने चक्रवती अवदाब से उत्पन्न बादलों के कारण हो रही है, इस मौसमी बदलाव ने किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है, किसान अपनी आजीविका के मुख्य स्रोत धान की फसल को लेकर खासा चिंतित हैं। पूरे भीटी तहसील क्षेत्र में हो रही जोरदार बारिश ने किसानों की कमर को तोड़ कर रख दिया है। अन्नदाताओं के प्रति इंद्रदेव का यह कहर चौक चौराहे पर चर्चा का विषय बना हुआ है। किसान इतना परेशान है कि धान की फसल का डंठल सड़ने से उसको पशु भी नहीं खाएंगे ऐसे में आगे चलकर किसानों को चारा का संकट भी झेलना पड़ेगा, साथ ही गेहूं और आलू की बुवाई कर चुके किसानों की चिंता भी बढ़ गई है, किसानों का कहना है कि इस समय बारिश होना फसल के लिए नुकसानदायक है। दीपावली के बाद मौसम ने जो यह करवट ली है इससे किसानों की कमर टूट गई है, कुछ किसान के खेतों में और उनके दरवाजे पर बाजरा की फसल कट कर रखी है जो नष्ट ही जाएगी, इस बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। इस बारिश के साथ ही आलू और गेहूं की फसल पर भी खासा असर पड़ना निश्चित है, एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसान धूप निकलने पर फसलों को पलटते रहे ताकि सड़ने की कम संभावना रह सके। उन्होंने बताया कि सभी लेखपालों को निर्देशित कर दिया गया है कि किसानों को हुए नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार



**ललितपुर। महरौनी** पुलिस ने गुरुवार को एक वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा एक वारण्टी/अभियुक्त हम्मीर सिंह पुत्र जगन्नाथ निरंजन उम्र करीब 46 वर्ष नि0 ग्राम चढरऊ थाना महरौनी ललितपुर सम्बन्धित केस न0 5286/12 भगवत नारायन बनाम हम्मीर धारा 138 ni एक्ट थाना कोतवाली सम्बन्धित को मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त को घर के बाहर ग्राम चढरऊ थाना महरौनी जिला ललितपुर से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी / अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह उ.नि. साबिर अली चौकी प्रभारी खितवास का. दिलीप कुमार का. कुलदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## साइबर पुलिस ने सौंपे तीन खोए मोबाइल कीमत 48 हजार मालिकों के चेहरे पर लौटी खुशी

**ललितपुर।** साइबर हेल्प डेस्क ने अभियान के तहत विभिन्न स्थानों से गुमशुदा तीन मोबाइल फोन को बरामद किया। बरामद मोबाइल फोन की कीमत 48000 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम ने बरामद मोबाइल को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। गुमशुदा मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली ललितपुर की साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। कोतवाली ललितपुर की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के IMEI नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पीड़ित के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना जाखलौन पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी। बरामद करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, कां. लोकेन्द्र सिंह साइबर सेल कोतवाली कां. संदीप साइबर सेल कोतवाली आदि शामिल रहे। मोबाइल फोन गिरने/खोने पर क्या करें। प्ले स्टोर से PCOP ऐप डाउनलोड करें। SIGN UP करने के बाद लॉगइन करें। FIR सेक्शन के Register Lost Article पर Click कर विवरण भरें। तत्पश्चात CEIR, Cyber and EChallan/Passport Status सेक्शन के CEIR (Blocking lost/stolen mobile) पर Click कर विवरण भरें।

## मैनपुरी में विशेष चेकिंग अभियान

**मैनपुरी।** मैनपुरी पुलिस ने यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 89 वाहन चालकों के चालान किए गए और 1,16,000 का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात अरुण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यातायात संतोष कुमार सिंह और यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने किया। टीम ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गहनता से जांच की। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने कुल 89 चालान किए। इनमें काली फिल्म लगे 4 वाहन, गलत नंबर प्लेट वाले 4 वाहन, जाति सूचक शब्द लिखे 3 वाहन, बिना हेलमेट के 29 वाहन चालक और तीन सवारी वाले 41 वाहन शामिल थे।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# तीन नए आपराधिक कानूनों पर व्यापक जागरूकता अभियान 2.0 चलाया




**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में जागरूकता अभियान 2.0 के अनुपालन के क्रम में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद ललितपुर के समस्त सर्किल/थाना पुलिस द्वारा नये आपराधिक कानून के प्रति/बारे में जागरूकता अभियान 2.0 का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई, 2024 से देशभर में तीन नये आपराधिक कानून लागू किये गये है जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसामान्य को इनकी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आमजन, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, व्यापारी वर्ग, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर नये कानूनों की प्रमुख विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान बताया जा रहा है कि, नये कानूनों में त्वरित न्याय प्रक्रिया, महिला व बाल सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, फॉरेंसिक साक्ष्य के अनिवार्य उपयोग तथा तकनीकी साक्ष्यों की स्वीकृति पर विशेष बल दिया गया है। स्नद्धक्र दर्ज कराने की प्रक्रिया अब और अधिक सरल व पारदर्शी की गयी है। 'द्गह्म्श स्नद्धक्र द्ग-स्नद्धक्र तथा ऑनलाइन केस ट्रैकिंग सिस्टम जैसे प्रावधानों से नागरिकों को त्वरित न्याय प्राप्त होगा। साक्ष्य संकलन में डिजिटल माध्यमों की भूमिका बढ़ायी गयी है जिससे अपराधों की विवेचना अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक होगी। यह कानून पीड़ित केन्द्रित प्राविधान आदि पर आधारित हैं।

पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को इन नये प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें कानून के जानकार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## श्मशान में न्यूड महिला को पकड़कर पीटा

**महराजगंज।** महराजगंज में ग्रामीणों ने महिला को श्मशान घाट पर नग्न हालत में पकड़ा। उसे बाल पकड़कर घसीटा, फिर जमकर लात-घूसे बरसाए। इसके बाद पूरे गांव में घुमाया। घटना का पता चलते ही महिला का पति मौके पर पहुंचा। पत्नी को ग्रामीणों से छुड़ाकर घर लेकर आया। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला आधी रात को श्मशान घाट पर जादू टोना कर रही थी। उसके साथ 2 तांत्रिक भी थे। मौके पर जादू-टोना का सामान रखा था। लोगों को देख तांत्रिक मौके से फरार हो गए, जबकि महिला पकड़ी गई। घटना धनतेरस की रात 18 अक्टूबर की है। वीडियो 29 अक्टूबर को सामने आया है। आज वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया है। पुलिस महिला के घर पहुंची, लेकिन घर पर कोई नहीं मिला। मामला पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। ग्रामीणों का आरोप है कि धनतेरस की आधी रात साढ़े 12 बजे एक महिला श्मशान घाट पर 2 तांत्रिक के साथ पूजा-पाठ कर रही थी। आवाज आने पर किसी ग्रामीण की नजर उनपर पड़ी। उसने गांव वालों को बुला लिया। 20-25 लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों का कहना है कि महिला निर्वस्त्र होकर तंत्र-मंत्र कर रही थी। भीड़ देख महिला के साथ बैठे 2 तांत्रिक मौका पाकर फरार हो गए। जबकि महिला को लोगों ने दबोच लिया। उन्होंने महिला को पीटना शुरू कर दिया। महिला खुद को बचाने के लिए चिल्लाती रही, लेकिन ग्रामीणों ने उसकी एक न सुनी।

# शार्ट न्यूज

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल

### निगोही निवासी परवीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया

बीसलपुर। बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर गुरुवार को हुई दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जनपद के निगोही निवासी परवीन पुत्र यासीन किसी कार्य से बीसलपुर आया हुआ था। जैसे ही वह किसान सहकारी चीनी मिल के पास पहुंचा, उसी समय विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में परवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। टक्कर के बाद दोनों वाहनों को क्षति पहुँची। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला और वाहनों को सड़क किनारे कराया।

## आशीष हत्याकांड का पुलिस जल्द करेगी खुलासा

### एक आरोपी पुलिस हिरासत में, जल्द खुलेगा हत्या का राज

**बीसलपुर।** चार दिन पहले नहर से बरामद हुए आशीष कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मृतक की पत्नी अनामिका देवी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह के.के. यश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के निकट नहर में ढकिया रंजीत (थाना दियोरिया क्षेत्र) निवासी आशीष कुमार का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद तहरीर के आधार पर गांव के ही अतुल उर्फ छोटू और मनोज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने अब एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि एक आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जल्द ही पूरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस हत्या की गुत्थी सुलझने की प्रतीक्षा बनी हुई है।

## पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक


**पूरनपुर।** मिशन शक्ति दीदी अभियान फेज-5 के तहत सेहरामऊ पुलिस टीम ने गुरुवार को कजरी निरंजनपुर स्थित अकाल अकादमी में पहुंचकर छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन से जुड़ी जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने यातायात नियमों, महिला सुरक्षा कानूनों, और सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया। महिलाओं को 1090, 112, 181, 1076, 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी परेशानी की स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं और पुलिस टीम से सवाल-जवाब कर अपने संदेह दूर किए।

## 10 नवंबर से चलेगा 'एनीमिया मुक्त बालिका अभियान', हर घर पहुंचेगी आयरन की पिंक व नीली गोलियां

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के निर्देश पर आगामी 10 नवंबर 2025 से जनपद में मिशन शक्ति फेस 5.0 एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष मासिक कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को एनीमिया (रक्ताल्पता) से मुक्त करना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग की टीम घर-घर जाकर बालिकाओं को आयरन की पिंक और नीली गोलियां वितरित करेगी। ये गोलियां संबंधित कर्मी आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एनआरएलएम समूह की दीदी और पंचायत सहायक द्वारा सप्ताह में एक बार स्वयं खिलाई जाएंगी। इसके साथ ही टीमों द्वारा बालिकाओं को एनीमिया के दुष्प्रभाव, पोषण के महत्व और मेंस्ट्रूअल हाइजीन (मासिक स्वच्छता) के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ 10 नवंबर को प्रातः 10: 30 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अडासेई (ब्लॉक ललौरीखेड़ा) में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद के सभी ब्लॉकों में बैठकें कर समन्वय स्थापित किया जा चुका है।

## सुधीर चतुर्वेदी मनोनीत हुए तीसरी बार सेतु निगम मे पैनल अधिवक्ता

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**अम्बेडकर नगर।** आलापुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भूपतिपुर कोडरहा निवासी सुधीर चतुर्वेदी को लगातार तीसरी बार सेतु निगम में पैनल अधिवक्ता बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मालूम हो उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के निदेशक भाजपा नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी के पुत्र सुधीर चतुर्वेदी को लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड में पैनल अधिवक्ता बनाया गया है जिसकी जानकारी उनके भाई सुनील चतुर्वेदी ने दी है। सुधीर चतुर्वेदी स्टैंडिंग काउंसिल उत्तर प्रदेश सरकार, पैनल एडवोकेट उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम लिमिटेड, पैनल एडवोकेट उत्तर प्रदेश राज्य भण्डार निगम लिमिटेड पैनल एडवोकेट उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड और लगातार तीसरी बार सेतु निगम में पैनल अधिवक्ता बनाए गए सुधीर चतुर्वेदी को पूर्व विधायक अनीता कमल, कन्हैया सिंह, डा संजय सिंह, पप्पू प्रजापति, सिध्दार्थ श्रीवास्तव, लालमणि गोंड, संजय शर्मा आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## एसपी ने कैम्प कार्यालय पर जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग



**ललितपुर।** एसपी ने कैम्प कार्यालय ललितपुर पर जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण के साथ अपराध एवं कानून- व्यवस्था के संबंध में की गयी समीक्षा गोष्ठी। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा कैम्प कार्यालय ललितपुर पर जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी जिसमे लंबित, विवेचनाओं/IGRS/प्रार्थना-पत्रों आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## खैर की लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ी गई

**ललितपुर।** ललितपुर में वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित खैर की लकड़ी की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। बुधवार रात गौना रेंज के पथराई वन क्षेत्र से खैर की लकड़ी से भरी एक पिकअप को चालक सहित पकड़ा गया। इस दौरान तस्करों ने वन विभाग की टीम पर पथराव भी किया, जिसमें वनकर्मी बाल-बाल बचे। घटना मध्य प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र में हुई। पथराव के बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को सूचना दी। डीएफओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उडन्दस्ता टीम और एसडीओ वन सत्येन्द्र सिंह तोमर को मौके पर भेजा, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। वन विभाग की टीम ने जब्त की गई खैर की लकड़ी से भरी पिकअप को नाराहट थाने को सौंप दिया है। गौना रेंजर द्वारा आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध पर पुलिस कार्रवाई में 64 लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़े पुलिस ऑपरेशन में 64 लोग मारे गए। इनमें चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई सीओपी30 जलवायु शिखर सम्मेलन से संबंधित प्रमुख आयोजनों से कुछ दिन पहले हुई है। गवर्नर क्लाउडियो कास्त्रो ने इसे नारकोटिररिज्म का मुकाबला बताया। एलेमाओ और पेन्हा की घनी आबादी वाली बस्तियों में 2,500 सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर कार्रवाई की। अब तक 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 42 राइफलें जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि अभियान अभी जारी है। राज्य सरकार ने यह भी खुलासा किया कि गैंग के सदस्यों ने पुलिस पर ड्रोन से हमला किया, जिसमें विस्फोटक भी थे। रियो अगले सप्ताह सी40 शिखर सम्मेलन और प्रिंस विलियम का अर्थशॉट पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### अमेरिका ने नाइजीरियाई नोबेल विजेता का वीजा किया रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नाइजीरिया के नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोल सोयिंका ने दावा किया है कि अमेरिका ने उनका नॉन-इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया है, जो उन्हें पिछले वर्ष जारी किया गया था। 91 वर्षीय लेखक ने कहा कि उन्हें अमेरिकी यात्रा करनी हो तो अब दोबारा आवेदन करना होगा। सोयिंका ने मंगलवार को पत्रकारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (लागोस) की ओर से भेजा गया एक पत्र दिखाया, जिसमें उनसे पासपोर्ट जमा कर वीजा को उपस्थित होकर रद्द करवाने को कहा गया है। यह पत्र 23 अक्तूबर को जारी किया गया था। लेखक ने कहा, अब मेरे पास कोई वीजा नहीं है। जाहिर तौर पर मुझे अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया है। अगर कोई मुझसे मिलना चाहता है, तो जानता है कि मुझे कहां खोजना है। अमेरिकी दूतावास ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि सोयिंका ने 2016 में डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति चुने जाने के विरोध में अपना अमेरिकी ग्रीन कार्ड फाड़कर फेंक दिया था और अमेरिकी स्थायी निवास का त्याग कर दिया था। 1986 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले सोयिंका 1990 के दशक के मध्य से अमेरिका की प्रतिष्ठित आईवी लीग विश्वविद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं।

### ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले उत्तर कोरिया ने दागे क्रूज मिसाइल

**प्योंगयांग , एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपने पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से ठीक पहले उठाया गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि मंगलवार को हुआ यह परीक्षण सफल रहा और इससे देश की परमाणु हथियारों से लैस सेना की क्षमता और संचालन क्षेत्र और मजबूत होगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि उसने इन मिसाइल परीक्षणों को दर्ज किया या नहीं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब ट्रंप और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच शहर ग्योंगजू में बैठक होने वाली है। इसी शहर में इस साल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की बैठक भी आयोजित की जा रही है।

### नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में भारी हिमपात, पर्यटक होटलों में फंसे

**सोलुखुम्बु, एजेंसी।** नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है। खुम्बु पासाङल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के दिडबोचे से ऊपर के इलाकों में घना हिमपात हुआ है, जबकि नाम्चे बाजार और आसपास के निचले क्षेत्रों में बारिश जारी है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी शेर्पा ने बताया, दिडबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है। सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है। सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुँचे थे। हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं और दृश्यता (भिजिबिलिटी) बेहद कम है, जिससे पर्यटकों के रास्ता भटकने का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण सोलुखुम्बु जिला प्रशासन कार्यालय ने पर्यटकों से यात्रा स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। प्रमुख जिला अधिकारी लिलाकुमारी केसी पांडे के अनुसार फिलहाल मौसम अनुकूल नहीं है, इसलिए सभी पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे होटल या स्थानीय बस्तियों में ही रहें और सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन कार्यालय ने बचाव दल को तैयार रखा है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, दिडबोचे में अस्थायी पुलिस पोस्ट है और वहाँ के पुलिसकर्मियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर पर्यटकों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अनुमान है कि दिडबोचे से ऊपर के क्षेत्रों में करीब दो हजार विदेशी पर्यटक मौजूद हैं। लगातार हिमपात और बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। खुम्जुङ की स्थानीय निवासी पेम्बा शेर्पा ने बताया कि मङ्गलबार सुबह से हि बहुत ठंड है, बर्फ ने पूरा गाँव ढक लिया है और सब लोग घर के अंदर हैं। लगातार बर्फबारी से खुम्बु क्षेत्र का जनजीवन प्रभावित हुआ है। आमतौर पर पर्यटकों की भीड़ से गूंजने वाला नाम्चे बाजार फिलहाल सुनसान दिखाई पड़ा है।

### ट्रंप ने किया समझौता, अमेरिका को दुर्लभ खनिज देगा जापान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने जापान के साथ दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को जापान की प्रथम महिला पीएम के रूप में ताकाइची की भूमिका को बड़ी बात बताते हुए जापान के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वह बोले, हम जापान की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। दोनों नेताओं ने कई समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# इजराइल ने गाजा पर फिर हमला किया: 30 की मौत

**हमास पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप, 20 दिन पहले समझौता हुआ था**



**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में सीजफायर लागू होने के बीच इजराइल ने एक बार फिर हवाई हमले किए। इनमें 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजराइल ने दावा किया कि हमास ने पहले सीजफायर का उल्लंघन कर गाजा में तैनात उसके सैनिकों पर हमला किया। इसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि हमास ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सीजफायर का पालन कर रहा है। मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों ने गाजा सिटी, खान यूनिस, बेत लहिया और अल-बुरैज जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया। गाजा के अस्पतालों के मुताबिक,मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी के साबरा इलाके में एक मकान पर बमबारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई। इजराइल और हमास के बीच 20 दिन पहले सीजफायर समझौता हुआ था। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू की मौजूदगी में 29 सितंबर को 20 सूत्री शांति योजना पेश की थी, जिस पर हमास ने 9 अक्टूबर को हामी भरी थी।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- हमास ने 'रेड लाइन' क्रॉस की :** इजराइल और हमास के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। इजराइली रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज़ ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया और मृत बंधकों के शव लौटाने के समझौते का उल्लंघन किया।

### हमास पर गलत शव लौटाने का भी आरोप

नेतन्याहू ने हमास पर यह भी आरोप लगाया है कि युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने जो शव लौटाया वह गलत है। नेतन्याहू ने इसे समझौते का साफ उल्लंघन बताया। समझौते में हमास को सभी इजराइली बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने थे। वहीं, हमास ने इजराइली हमले की वजह से बंदियों के शव लौटाने का प्रोग्राम रोक दिया है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को कहा कि वह एक और शव लौटाएगा। खान यूनिस में एक गड्ढे से सफेद बैग में कुछ निकाला गया और एम्बुलेंस में डाला गया, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि उसमें क्या था। अभी गाजा में 13 बंधकों के शव बाकी हैं। हमास का कहना है कि तबाही इतनी ज्यादा है कि शव ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इजराइल का आरोप है कि हमास जानबूझकर देरी कर रहा है। मिस्र ने खोज में मदद के लिए एक्सपर्ट्स और भारी मशीनें भेजी हैं।

### इजराइल गाजा की मानवीय मदद रोक सकते हैं

इजराइली मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू अन्य विकल्पों जैसे गाजा में मानवीय मदद रोकना, कब्जा बढ़ाना या हमास नेताओं पर हवाई हमले पर भी विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने मंगलवार सुबह वेस्ट बैंक के जेनिन इलाके में छापा मारा। यहां तीन फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजराइल का कहना है कि वे आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। वहीं, हमास ने दो को अपनी कासिम ब्रिगेड का सदस्य बताया। तीसरे को साथी कहा, लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी।

## अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता रही बेनतीजा, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के समाप्त हो गई है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता 25 अक्तूबर से तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में चल रही थी। दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह बैठक 19 अक्तूबर को दोहा में हुई युद्धविराम सहमति के बाद आयोजित की गई थी। लेकिन लगातार मतभेदों और आरोप-प्रत्यारोप के चलते वार्ता बेनतीजा रही।

**शांति वार्ता बेनतीजा :** तारड़ ने अपने बयान में कहा अफगान प्रतिनिधिमंडल मुख्य मुद्दे से भटक गया और बातचीत के मूल उद्देश्य से किनारा कर लिया। जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अफगान तालिबान ने सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर लगाम लगाए, जिसे इस्लामाबाद ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन तालिबान ने TTP पर नियंत्रण से इनकार करते हुए कहा कि वह समूह उनके नियंत्रण में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी तनावपूर्ण माहौल रहा। अफगान पक्ष का कहना था कि वह टीटीपी की गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सकता, जबकि पाकिस्तान ने हालिया हमलों के लिए अफगान तालिबान को जिम्मेदार बताया। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल समेत कई इलाकों में टीटीपी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में तालिबान ने पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर हमला किया।

**अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा था कि अगर इस्तांबुल वार्ता में कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है। हालांकि, युद्धविराम की घोषणा के बावजूद, सीमा क्षेत्र में झड़पें जारी हैं, जिसमें हाल ही में पांच पाकिस्तानी सैनिक और 25 तालिबान लड़ाके मारे गए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह असफल वार्ता दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की उम्मीदों को कमजोर कर सकती है और दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है।

## ब्राजील में ड्रग माफिया पर हेलिकॉप्टर से रेड:जवाब में ड्रोन से बमबारी



**रियो डी जेनिरो, एजेंसी।** ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए, ताकि पुलिस को रोका जा सके।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। इस भिड़ंत में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस इस हमले के लिए 1 साल से प्लानिंग कर रही थी।

**पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया :** पुलिस ने दिनभर चली मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई से आसपास रहने वाले करीब तीन लाख लोगों में दहशत फैल गई। लोग इसे 'वॉर जोन' जैसा माहौल बता रहे हैं। कई आम नागरिक भी गोलीबारी में घायल हुए, जबकि कई सड़कें अभी भी बंद हैं। इलाके में रहने वालों ने बताया कि गोलियों और धमाकों की आवाजें पूरे दिन गूंजती रहीं और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। ब्राजील सरकार के मुताबिक, इस इलाके को रेड कमांड का मुख्य ठिकाना माना जाता है। यह गिरोह लंबे समय से ड्रग तस्करी, हथियारों की सप्लाई और तटीय रूट्स पर कब्जे के लिए जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन में 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद किए गए हैं।

## बांग्लादेश में जहर उगल रहा है हाफिज सईद का करीबी ढाका में पाकिस्तानी कट्टरपंथियों का नया बेस बना



**ढाका, एजेंसी।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के इस्लामी संगठन मरकजी जमीयत अहले हदीस के महासचिव इब्तिसाम इलाही जहीर ने 25 अक्टूबर 2025 को बांग्लादेश के राजशाही स्थित शाह मकदूम एयरपोर्ट पर लैंड किया। सुरक्षा एजेंसियां उनके अचानक दौरे से चौंक गईं। उनके स्वागत के लिए स्थानीय इस्लामी संगठन अल जामिया अस सलीफा के पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें नऊदापाड़ा स्थित अपने कैंपस में ठहराया। जहीर इसके बाद चपैनवाबगंज जिले के नचोले, रंगपुर, लालमुनिरहाट और निलफामारी जैसे भारत सीमा से सटे जिलों में गए, जहां जहीर ने स्थानीय मस्जिदों में कई धार्मिक सभाएं कीं। यह इलाके भारतीय सीमा के करीब 20-25 किमी की दूरी पर है। इन सभाओं में जहीर ने यह कहते हुए विवाद खड़ा किया- 'यहूदी और ईसाई मुसलमानों के दोस्त नहीं हो सकते।' रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने इस्लाम छोड़ने वालों को मारने की बात दोहराई। यह बयान 2012 में दिए उसके पुराने विवादित भाषण की तर्ज पर था। यूनुस सरकार ने खुली छूट दी, 2025 में ही दूसरा दौरा पाकिस्तानी कट्टरपंथियों के लिए बांग्लादेश अब 'कार्रवाई का नया अड्डा' बनता दिख रहा है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने के बाद यह हाफिज सईद के सहयोगी इब्तिसाम इलाही ज़हीर की दूसरी यात्रा है; पहली फरवरी 2025 में हुई थी। इस बार दौरा पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा के साथ मेल खाता है, जो छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ढाका पहुंचे। दोनों यात्राओं का ध्यान भारत-बांग्लादेश सीमा, खासकर सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर केंद्रित है। यूनुस सरकार पर पाक समर्थक नीति और विदेशी कट्टरपंथियों को छूट देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित है।

## भारतीय मूल के बड़े उद्योगपति दर्शन सिंह की कनाडा में हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी




**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

**हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने :** दर्शन सिंह साहसी की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और दर्शन सिंह पर गोलियां चला देता है। हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया। गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कनाडा पुलिस ने बताया कि अभी जांच शुरुआती चरण में है और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी :** वहीं कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दर्शन सिंह साहसी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गोल्डी ढिल्लन, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। गोल्डी ढिल्लन ने पोस्ट में दावा किया कि पीड़ित ड्रग तस्करी में शामिल थे और गैंग द्वारा पैसे की डिमांड को नजरअंदाज किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और दर्शन सिंह की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की कथित संलिप्तता की जांच करने की बात कही है।

## जमैका से टकराया सदी का सबसे खतरनाक तूफान, ला सकता है भारी तबाही



### 300 द्मद्धश्चद्ध की गति से हवाएं चल रहीं

**किंगस्टन, एजेंसी।** कैरेबियाई देश जमैका से कैटेगरी-5 का तूफान मेलिसा टकराया है। मेलिसा को इस सदी का सबसे खतरनाक तूफान बताया जा रहा है। तूफान के चलते जमैका में 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सरकार ने छह लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। तूफान के असर से जमैका में तीन, पड़ोसी देश हैती में तीन और डोमिनिकन रिपब्लिक में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह तूफान इतना ताकतवर है कि पूरे देश को तबाह कर सकता है।

### कैटेगरी-5 के तूफान सबसे खतरनाक होते हैं

कैटेगरी-5 का तूफान सबसे खतरनाक श्रेणी का माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने मेलिसा तूफान को सदी का सबसे ताकतवर तूफान बताया है। पहले ये तूफान हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन से टकराया और अब जमैका तक पहुंचने में ये और खतरनाक हो गया है। जिस वक्त तूफान जमैका से टकराया, उस वक्त 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं और भारी बारिश हो रही है। हवा की ये गति इतनी तेज है कि यह बड़ी-बड़ी इमारतों को ध्वस्त कर सकता है। इससे बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम भी तबाह हो सकता है।

### तूफान से भारी बारिश और भूस्खलन का खतरा

मेलिसा तूफान के चलते जमैका में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है। जमैका सरकार ने प्रभावित इलाकों से लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया है। जमैका में बीते कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। ऐसे में जमीन में नमी होने के चलते भूस्खलन का खतरा लोगों को डरा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने भी राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम द्वारा लोगों को खाने के पैकेट दिए जा रहे हैं। यूएन का कहना है कि कैरेबियाई देशों में बीते साल जुलाई में शक्तिशाली बेरिल तूफान आया था, उसके बाद अब यह मेलिसा तूफान सबसे शक्तिशाली है। साथ ही यह अटलांटिक सागर में आया अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है।

## अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई राह, ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर हाउस स्पीकर जॉनसन की टिप्पणी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर संकेत दिए हैं कि वह व्हाइट हाउस में तीसरे कार्यकाल के लिए लौटना चाहते हैं। हालांकि, हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कहा कि अमेरिकी संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता और ट्रंप के करीबी माने जाने वाले जॉनसन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर ट्रंप से बात की है और ट्रंप संविधान की सीमाओं को समझते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के तहत कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता। जॉनसन ने कहा कि संविधान में बदलाव एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें राज्यों और कांग्रेस दोनों की मंजूरी जरूरी होती है।

**ट्रंप बोले- 'मैं जरूर करना चाहूंगा' :** एयरफोर्स वन में जापान की यात्रा के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा मैं तीसरे कार्यकाल के लिए जरूर चुनाव लड़ना चाहूंगा। लेकिन हमारे पास आने वाले चुनावों के लिए बेहतरीन नेता हैं जैसे मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जे.डी वेंस। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप 2028 लिखी टोपी व्हाइट हाउस आने वाले मेहमानों को बतौर स्मृति दी जा रही हैं, जिससे राजनीतिक अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या वह उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़कर फिर राष्ट्रपति बनने की रणनीति पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कानून इसकी अनुमति देता है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। यह लोगों को पसंद नहीं आएगा और सही भी नहीं होगा। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि ट्रंप का तीसरे कार्यकाल का जिक्र राजनीतिक मजाक के तौर पर किया गया है। जॉनसन ने कहा वह डेमोक्रेट्स को ट्रोल करने में मजा लेते हैं। यह गंभीर प्रस्ताव नहीं है।

**संविधान की सीमाएं और राजनीतिक संकेत :** राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ट्रंप द्वारा बार-बार तीसरे कार्यकाल का जिक्र करना अमेरिकी राजनीति की परंपराओं को चुनौती देने जैसा है। हालांकि, मौजूदा स्थिति में यह संवैधानिक रूप से असंभव है कि कोई राष्ट्रपति दो से अधिक बार पद संभाले।

**एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंचे ट्रंपः** इस बीच, ट्रंप अपने एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने मलयेशिया की यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुआलालंपुर से रवाना होने से पहले उन्होंने मलयेशियाई अधिकारियों और नागरिकों को विदा कहा, जिससे उनका 24 घंटे का दौरा समाप्त हुआ।

# भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में होने वाले दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले टी20 में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और कप्तान सूर्यकुमार यादव व उपकप्तान शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की थी हालांकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 19 रन ही बना पाये थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को अभिषेक से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अभिषेक और सूर्यकुमार के अलावा तिलक वर्मा पर भी निर्भर रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को बल्लेबाजी में कप्तान मिचेल मार्श और टिम डेविड से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी जोश हेजलवुड पर आधारित रहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

दोनो के बीच अब तक 33 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 20 मुकाबले जबकि 11 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। वहीं 2 मैचों का परिणाम नहीं निकला।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया** -मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट , माहली बीअर्डमैन , बेन ड्वारशुइस , नाथन एलिस, जोश हेजलवुड ग्लेन मैक्सवेल तीसरे से पांचवें मैच तक, टिम डेविड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुहनेमैन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेटकीपर), मैथ्यू शॉर्ट, जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा और तनवीर सांघा।




# आईपीएल 2026 से पहले केकेआर का बड़ा दांव ! अभिषेक नायर बने मुख्य कोच, सौंपी कमान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 2026 संस्करण से पहले अभिषेक नायर को फ्रैंचाइज़ी का मुख्य कोच नियुक्त किया है। 2018 से फ्रैंचाइज़ी से जुड़े नायर को पहली बार मुख्य कोच की भूमिका में पदोन्नत किया गया है। उन्होंने अनुभवी घरेलू कोच चंद्रकांत पंडित की जगह ली है, जो तीन सीज़न तक फ्रैंचाइज़ी के प्रमुख रहे थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले भारतीय सहयोगी स्टाफ से निकाले जाने के बाद, नायर आईपीएल के 2025 संस्करण के बीच में फ्रैंचाइज़ी में लौट आए।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक फ्रैंचाइज़ी बयान में कहा, ÷अभिषेक 2018 से नाइट राइडर्स टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर हमारे खिलाड़ियों को तराशने में अहम भूमिका निभाई है। खेल के प्रति उनकी समझ और खिलाड़ियों के साथ जुड़ाव हमारे विकास में महत्वपूर्ण रहा है। हम उन्हें मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालते हुए और केकेआर को उसके अगले अध्याय में ले जाते हुए देखकर रोमांचित हैं।÷ नायर, जिन्हें दिनेश कार्तिक और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों ने सफेद गेंद के खेल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए खुले तौर पर स्वीकार किया है, को डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वॉरियर्स ने भी मुख्य कोच नियुक्त किया था। नायर 2018 में केकेआर अकादमी में मुख्य कोच के रूप में शामिल हुए और जल्द ही टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए। नायर उस समय टीम से जुड़े रहे हैं जब जैक्स कैलिस मुख्य कोच थे, जिनकी जगह बाद में ब्रेंडन मैकुलम और पंडित ने ले ली। नायर 2024 में पंडित और गंभीर के साथ सहायक कोच के रूप में फ्रैंचाइज़ी के साथ थे, जो केकेआर द्वारा अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीतने के समय मेंटर थे, और श्रेयस अय्यर कप्तान थे। नायर ने 2022 में सीपीएल में नाइट राइडर्स की सैटेलाइट फ्रैंचाइज़ी, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

# हॉकी चंडीगढ़ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया : करन गिल्होत्रा



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आगामी 7 नवंबर को भव्य भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि होंगे। हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करन गिल्होत्रा, उपाध्यक्ष अनिल वोहरा और एडवाइजर शालीन कपूर ने श्री कटारिया से मुलाकात कर उन्हें समारोह में आमंत्रित किया। राज्यपाल ने इस आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चंडीगढ़ इस अवसर पर हॉकी के इतिहास में एक नई पहचान बनाएगा।

करन गिल्होत्रा ने बताया कि समारोह के आयोजन में चंडीगढ़ प्रशासन, स्पोर्ट्स विभाग और नगर निगम चंडीगढ़ का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'हॉकी भारत की गौरवशाली धरोहर है। 1925 में राष्ट्रीय हॉकी संस्था के गठन से शुरू हुई यह यात्रा आज 100 वर्ष पूरे कर रही है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि चंडीगढ़ इस ऐतिहासिक उत्सव का हिस्सा बनेगा। हमारा उद्देश्य नई पीढ़ी को हॉकी के स्वर्णिम इतिहास से जोड़ना है।'

अनिल वोहरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी, जिसमें तीन प्रदर्शनी मैच खेले जाएंगे, लड़कों के जूनियर और सीनियर वर्गों के मुकाबले तथा लड़कियों का एक विशेष मैच शामिल होगा। इस मौके पर देश-विदेश से हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें ओलिंपियन दीपक ठाकुर, राजपाल सिंह, बलजीत सिंह, साथ ही भारत की मौजूदा टीम के कप्तान संजय, मनिंदर सिंह, विक्रमजीत सिंह, और जूनियर टीम के कप्तान रोहित प्रमुख हैं। करन गिल्होत्रा ने आगे बताया कि हॉकी इंडिया के नेतृत्व में देशभर में एक साथ ऐसे शताब्दी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिससे हॉकी को नया आयाम और नई पहचान मिलेगी।

# रोहित-विराट के बाद युवा भारत की सबसे बड़ी चुनौती, टी 20 वर्ल्ड कप से पहले अहम इम्तिहान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ आज कैनबरा में शुरू होने जा रही है और इस बार पूरी निगाहें भारत की नई पीढ़ी यानी अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों पर टिकी हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद पहली बार ऐसा मौका है जब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में अपने भविष्य की दिशा तय करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि सुर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने पिछ्ले एक साल में बेहद आक्रामक और निडर अंदाज़ में क्रिकेट खेला है और इसके बेहतरीन नतीजे भी हासिल किए हैं। टीम ने पिछ्ले 27 टी20 मुकाबलों में से 23 में जीत दर्ज की है, जिसमें हाल ही का एशिया कप खिताब भी शामिल है। अगले टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के पास कुल 15 मैच बाकी हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज़ सबसे अहम मानी जा रही है।




गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया भी इस वक्त शानदार फॉर्म में है और पिछ्ले 19 में से 16 मुकाबले जीत चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दुनिया की दो नंबर 1 टीमों के बीच हाई-इंटेंसिटी बैटल माना जा रहा है। खास बात यह है कि भारतीय टीम के लगभग आधे खिलाड़ी पहली बार ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर खेलते नज़र आएंगे। यहां की तेज़, उछाल भरी पिचें और बड़े बाउंड्री एरिया बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

हालांकि मौजूद जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज़ में अपेक्षाकृत अनुभवहीन गेंदबाज़ी के साथ उतर सकता है, जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज़ उठाने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली खतरा मेज़बान टीम की धमाकेदार बल्लेबाज़ी है, जिसमें मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड जैसे विस्फोटक ओपनर शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया इस साल पावरप्ले में औसतन 61 रन के स्कोर और 169 के रिकॉर्ड स्ट्राइक रेट से रन बना रहा है।

सूर्यकुमार यादव ने मैच से पहले संकेत दिए कि जसप्रीत बुमराह पावरप्ले में दो ओवर की जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं। वहीं मिडल ओवर्स में टीम उम्मीद लगाए बैठी है कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों की रफ्तार पर ब्रेक लगाएगी। हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में शिवम दुबे को अहम ऑलराउंडर की भूमिका निभानी होगी, जबकि नितीश कुमार रेड्डी बैकअप विकल्प के तौर पर शामिल किए गए हैं। पहले ही मैच से यह अंदाज़ा भी लग जाएगा कि भारत की जनरेशन एक्स टीम ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक क्रिकेट संस्कृति को उसी अंदाज़ में जवाब देने के लिए कितनी तैयार है और क्या वे अपने पूर्वजों की विरासत को सफलतापूर्वक आगे ले जा पाएंगे या नहीं, यह देखने वाली बात होगी हैं।

# जय शाह और आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की

नई दिल्ली । आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में स्विट्जरलैंड में आईओसी सत्र के दौरान आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मुलाकात की और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की। उन्होंने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श किया। जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, '2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर हमारी चल रही चर्चा को जारी रखने के लिए आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मिलकर खुशी हुई। हमने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श किया।'



## साउथ अफ्रीकी टीम विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में, इंग्लैंड को 125 रन से हराया, वोलवार्ट के 169 रन

**गुवाहाटी।** साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रन से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम ने कप्तान लौरा वोलवार्ट के 169 रन की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। बुधवार को 320 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 42.3 ओवर में 194 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से कप्तान नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। एलिस कैप्सी 50 रन बनाकर आउट हुईं। साउथ अफ्रीका से मारीज़ान कैप ने 5 विकेट चटकाए। वोलवार्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड से हिसाब बराबर भी कर लिया। टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम इंग्लैंड के खिलाफ ही 69 रन पर सिमट गई थी। वहीं टीम को पिछले 2 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड ने ही बाहर किया था।



# सिद्धू ने ऋषभ की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे फीनिक्स पक्षी के समान बताया



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसकी इच्छा शक्ति और जुनून गजब का है। ऋषभ अभी दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेंगलुरु में जारी चार दिवसीय मुकाबले में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं। सिद्धू ने कहा कि किसी ने कल्पना तक नहीं की थी कि इतने भीषण कार हादसे के बाद ऋषभ दोबारा चल पायेंगे पर वह आज खेल रहे हैं। उन्होंने इस विकेटकीपर बल्लेबाज की तुलना पक्षी फीनिक्स से की है!

ऋषभ इंग्लैंड दौरे में लगी चोट से उबरकर अभी भारत ए की कप्तानी कर रहे है। इंग्लैंड दौरे में ही मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की एक यॉर्कर पर लगने से उनके पैर की उंगली में फ्रैक्चर हो गया था। इसी कारण वह एशिया कप, के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी नहीं गये थे। सिद्धू ने कहा, ऋषभ फीनिक्स पक्षी के समान हैं जो राख से उठ खड़ा होता है। उनकी निडरता को देखिए, उनकी असाधारण उपलब्धियों को देखिए जिसे उन्होंने हासिल किया है। जिस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी की थी, जिस तरह उन्होंने इंग्लैंड में हमें मैच जितवाए, वो शानदार है। मैं अब तक जितने भी क्रिकेटर देखें हैं उनमें से वह सबसे अच्छे क्रिकेटरों में एक है। जब मैं उन्हें देखता हूं तो आनंद आता है। इस क्रिकेटरों ने सभी को सिखाया है कि जिंदगी में मुश्किलों से कैसे निकल सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका ए के साथ मैच में भारत ए की कप्तानी करते हुए ऋषभ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

# इंग्लैंड के लिए आसान नहीं रहेगा ऑस्ट्रेलिया दौरा : स्मिथ

**-हरी-भरी घास वाली पिचों पर होगी बल्लेबाजों की परीक्षा**

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड को चेताया है कि उसके लिए ये दौरा आसान नहीं होगा। स्मिथ को पैट कमिंस के फिट नहीं होने से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर रन बनाना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम को बेजान पिचों की जगह हरी-भरी घास वाली पिचों पर खेलना होगा। स्मिथ ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में हालात अलग होने वाले हैं? मुझे लगता है कि पिछले तीन-चार साल शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए उतने ही कठिन रहे हैं जितने हमने लंबे समय में देखे हैं। स्मिथ ने साथ ही कहा, इस प्रकार के हालात में गेंदबाजी करने वाले काफी अनुभवी हैं, इसलिए बल्लेबाजों के लिए समस्याएं बढ़ जाएंगी। यह सभी बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होगा पर जब आप तेजी से रन बनाने की कोशिश करेंगे, तो यह बहुत ही कठिन रहेगा। पिछले चार सालों में ऑस्ट्रेलिया में तेज-गेंदबाजी पिचें बन रही हैं। साल 2021-22 एशेज की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में शीर्ष सात बल्लेबाजों का औसत प्रति आउट 30.22 रहा है, जिसमें 20 टेस्ट में कुल 24 शतक शामिल हैं। वहीं इसके विपरीत 2022 में आक्रामक बल्लेबाजी शुरु होने के बाद बल्लेबाजों का औसत 38.94 रहा है। जबकि ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने की कला में गिरावट आई है, हेड ने शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने छह शतकों के साथ 54.64 का औसत और घरेलू हालातों में 88.90 का स्ट्राइक रेट हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को रोकना इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए काफी कठिन होगा। हेड की तरह इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया में किसी भी अन्य खिलाड़ी का औसत 45.29 से अधिक नहीं रहा है।




# जानिक सिनर ने जिजू बर्ग्स को हराया, पेरिस मास्टर्स के अगले दौर में पहुंचे



पेरिस। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी जानिक सिनर ने बेल्जियम के जिजू बर्ग्स को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। इटली के दिग्गज सिनर ने बुधवार को पहले दौर के मुकाबले में बेल्जियम के जिजू बर्ग्स के खिलाफ 6-4, 6-2 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। सिनर की जीत पुरुषों के विश्व के नंबर वन कार्लोस अल्काराज के ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (नंबर 31) से चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद हुई। उनकी हार ने इटैलियन खिलाड़ी के लिए नंबर वन पोजीशन फिर से हासिल करने का रास्ता खोल दिया है, अगर वह पेरिस में जीत पाते हैं। मैच के बाद सिनर ने कहा, 'यह यहां एक बहुत ही अनोखा कोट है। आमतौर पर मुझे हमेशा थोड़ी मुश्किल होती है, इसलिए मैं पहला मैच जीतकर बहुत खुश हूं। आज मैंने जिस तरह से सर्व किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत सटीक था। मैंने सीधे ब्रेक के साथ शुरुआत की, जिससे मेरे आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। मैं आज के प्रदर्शन से खुश हूं। देखते हैं कल क्या होता है।' टूर्नामेंट के अगले दौर में सिनर का मुकाबला गुरुवार को अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

# श्रेयस अय्यर अगले दो माह खेल से दूर रहेंगे, विश्वकप में भी शायद ही खेल पायें



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज के दौरान पसलियों में चोट लगने के कारण गंभीर रुप से घायल हुए भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी कब होगी। ये अभी तय नहीं है पर माना जा रहा है की वह दो महीने मैदान से दूर रहेंगे। श्रेयस ऐलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते हुए चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया था जहां पसलियों में हुए आंतरिक रक्तस्राव के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया। अब उनका आंतरिक रक्तस्राव रुक गया है और वह पहले से बेहतर हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अगले दो महीनों तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे, जिससे अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से भी वह बाहर हो गये हैं।

वहीं नये साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए भी उनका स्वदेश लौटना तय नहीं है। इससे साफ है कि वह फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भी शायद ही शामिल किये जाए क्योंकि प्रबंधन फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में उन्हीं खिलाड़ियों को उतारना चाहेगा जो घरेलू सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर पाये हों। ऐसे में वह जुलाई में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे में उतरेंगे। ऐसे में अय्यर आईपीएल के दौरान ही क्रिकेट फील्ड पर वापसी कर पाएंगे।

# ब्लैक आर्मबैंड पहनकर मैदान में उतरे भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी, 17 साल के क्रिकेटर को मौत के बाद दी श्रद्धांजलि



नवी मुंबई । भारत और ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों ने गुरुवार को महिला वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के दौरान युवा क्रिकेटर बेन ऑस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्लैक आर्मबैंड पहने। ऑस्टिन की ट्रेनिंग के दौरान गेंद लगने से मौत हो गई थी। ऑस्टिन की उम्र 17 साल थी और मंगलवार को मेलबर्न के बाहरी इलाके में फन्ट्री गली क्रिकेट क्लब में बैटिंग करते समय गर्दन पर गेंद लग गई थी। वह अपने क्लब के लिए ट्रेनिंग करते समय हेलमेट पहने हुए थे, जिसमें नेक गार्ड नहीं था, और उन्हें साइड-आर्म से फेंकी गई गेंद लगी थी। ऑस्टिन टी20 मैच से पहले नेट्स में तेज गेंदबाजों के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तभी अपने साथियों के सामने उन्हें यह जानलेवा चोट लगी। इस घटना के बाद ऑस्टिन को वेंटिलेटर पर रखा गया था, लेकिन चोट के कारण उनकी मौत हो गई, जिससे 2014 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिल ह्यूज की दुखद मौत की यादें ताजा हो गईं। फन्ट्री गली ने गुरुवार को ऑस्टिन की मौत की पुष्टि की।

# भारतीय पहलवानों ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में किया शानदार प्रदर्शन, जीते सात मेडल

**मनामा (बहरीन) (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती दल ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में मेडलों की झड़ी लगाकर अभियान का शानदार समापन किया, जिसमें मोनी और जयवीर सिंह ने मनामा के एग्जीबिशन वर्ल्ड बहरीन में गोल्ड मेडल जीते। लड़कों के 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुकाबला कर रहे जयवीर सिंह ने कल टॉप पर पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। श्रीलंका के निमेश दुलंजना और कंबोडिया के फान चान ओउ डोम पर 10-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद जयवीर ने एक कड़े क्वार्टर फाइनल में ईरान के यासीन ज़ारेज़ादेह को क्राइटेरिया के आधार पर हराया।

सेमीफाइनल में जयवीर सिंह ने कजाकिस्तान के इब्राहिम यस्ककबेक को 5-0 से हराया और गोल्ड मेडल मुकाबले में जापान के यामातो फुरुसावा के खिलाफ 6-2 की जीत के साथ अपना अभियान खत्म किया। मोनी ने भी लड़कियों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम कैटेगरी में उतना ही शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने सेमीफाइनल में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की जियाओहान जू को 8-0 से हराया और फाइनल में किर्गिस्तान की सेजिम कुर्मनबेकोवना ज़ोल्डोशबेकोवा को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

गौरव पुनिया ने लड़कों की 65 किलोग्राम कैटेगरी में प्रभावित किया लेकिन फाइनल में हार गए, उन्हें ईरान के मोर्तेजा हाजी मोल्लामोहम्मदी से 4-1 से हार मिली, जो अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं। लड़कियों की 69 किलोग्राम कैटेगरी में अश्विनी विश्नोई, जो अपनी सामान्य 65 किलोग्राम डिवीजन से ऊपर मुकाबला कर रही थीं, फाइनल में चीन की झाओ मिन से 10-3 से हारने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

कुश्ती में भारत के मेडलों का सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ। अंडर-17 वर्ल्ड्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोमल वर्मा ने लड़कियों के 49 किलोग्राम इवेंट में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की मो जियाओकिंग को 3-1 से हराकर एक और पोडियम फिनिश हासिल किया, जबकि रचना ने लड़कियों के 43 किलोग्राम वर्ग में किर्गिस्तान की आइजान किलिचबेकोवना काबिल्बेकोवा को 11-0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एशियन यूथ गेम्स में भारत का कुल मेडल टैली 33 हो गया है जिसमें 6 गोल्ड, 11 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज शामिल हैं। इस बीच भारतीय पहलवानों ने कल कुल 7 मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। मंगलवार को याशिता ने कुश्ती में लड़कियों के 61 किलोग्रामप वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई और भारत की लड़कों और लड़कियों की कबड्डी टीमों ने भी गेम्स में पहले गोल्ड मेडल जीते हैं।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



## भारत में एमवे की 100 करोड़ के निवेश की योजना




**नई दिल्ली** एफएमसीजी क्षेत्र की डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे अगले तीन से पांच साल में भारत में 100 करोड़ रुपये (1.2 करोड़ डॉलर) के निवेश करने की तैयारी कर रही है। एमवे के एक प्रमुख अे धिकारी के इस सप्ताह भारत दौरे के बाद कंपनी ने इसकी घोषणा की। भारत अमेरिका और चीन के साथ एमवे के तीन वैश्विक विनिर्माण केंद्रों में शामिल है तथा कंपनी के भारतीय विनिर्माण को हाल ही में 10 साल पूरे हुए हैं।

## रेडिको खेतान का तिमाही मुनाफा 73 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली** रेडिको खेतान लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 139.56 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो पिछले साल इसी अवधि के 80.66 करोड़ रुपये की तुलना में 73 फीसदी अधिक है। कंपनी की परिचालन आय इस तिमाही में 5,056.72 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष यह 3,906.59 करोड़ रुपये थी। इसका मतलब है कि बिक्री और अन्य आय में लगभग 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कुल व्यय 4,872.75 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 3,795.84 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अे धिकारी ने बताया कि उपभोक्ता और बाजार सहभागिता बढ़ाकर मजबूत परिचालन मुनाफा हासिल किया गया है, जो कंपनी की रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

## सैमसंग का जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन लाभ 32.5 फीसदी बढ़ा

**सियोल** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन लाभ में 32.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। कंप्यूटर मेमोरी चिप की बढ़ती मांग इसकी मुख्य वजह रही। इसके साथ ही कंपनी को उम्मीद है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के दम पर यह मांग बढ़ती रहेगी। दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी कंपनी ने समीक्षाधीन तिमाही रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया जो सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 60.4 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। सेमीकंडक्टर उत्पादों और मोबाइल फोन की बढ़ी हुई बिक्री के दम पर यह मुमकिन हो पाया। कंपनी ने बयान में कहा कि एआई निवेश में गति से सेमीकंडक्टर बाजार के मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

## ट्रंप ने शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद चीन पर शुल्क कम किया

**बुसान** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के अपने समकक्ष शी चिनफिंग के साथ बातचीत के बाद चीनी वस्तुओं के आयात पर शुल्क दरों को घटाकर 47 प्रतिशत करने का फैसला किया है। ट्रंप ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि उन्होंने वार्ता के बाद वर्तमान दर को 57 प्रतिशत से कम करने का निर्णय लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने बैठक से पहले शुल्क में भारी बढ़ोतरी करने की धमकी दी थी। हालांकि बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ी।

## दिल्ली एयरपोर्ट की क्षमता में होगी 20 फीसदी बढ़ोतरी

**2029-30 तक 12.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की तैयारी**

**नई दिल्ली** दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) जल्द ही बिना टर्मिनल 2 को तोड़े अपनी यात्री क्षमता में करीब 20 फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रहा है। विभाग से संबें धित एक अे धिकारी के अनुसार 2029-30 तक एयरपोर्ट की क्षमता 10.5 करोड़ से बढ़कर 12.5 करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी। इसके लिए तीन प्रमुख योजनाएं तैयार हैं, टर्मिनल 3 पर नया पियर 'ई' बनाया जाएगा, जो सालाना 1 से 1.2 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को संभालेगा; टर्मिनल 1 पर भीड़ कम करने के उपाय होंगे; और अतिरिक्त एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड्स जोड़े जाएंगे। फिलहाल टी3 में चार पियर्स हैं, जिनमें से एक घरेलू पियर को इंटरनेशनल में बदला जा रहा है। 1986 में बना टर्मिनल 2 फिलहाल रिटायर नहीं होगा और मरम्मत के बाद दोबारा संचालन में है। नया टर्मिनल तभी बनेगा जब यात्री ट्रैफिक मौजूदा क्षमता के 80 फीसदी से अधिक पहुंच जाएगा।

## अगला बजट आने में तीन म हीने, सरकार ने शुरू की तैयारियां

**50 लाख तक कमाई पर कम होगा इनकम टैक्स!**

**नई दिल्ली**

अगला बजट पेश होने में बस तीन महीने शेष हैं। सरकार ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने सरकार से गुहार लगाई है कि आम आदमी को इनकम टैक्स में और राहत दी जानी चाहिए। उद्योग संगठन ने कहा है कि सालाना 50 लाख रुपये तक कमाई करने वाले व्यक्तिगत करदाताओं को टैक्स की दरों में राहत दी जानी चाहिए। सरकार ने अगर उद्योग संगठन की बातों पर गौर किया तो सालाना 50 लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो सकती है। उद्योग संगठन ने अपील की है कि नए टैक्स रिजीम के तहत लगने वाले 30 फीसदी दर को बढ़ाकर 50 लाख से ऊपर की कमाई पर लागू किया जाए। अभी नए रिजीम में सालाना 24 लाख रुपये से ज्यादा कमाई वाले करदाता पर 30 फीसदी का स्लैब लगाया जाता है। उद्योग संगठन ने अपनी सिफारिश राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव को सौंप दी है। साथ ही अप्रत्यक्ष कर में भी कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। इससे पहले पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने व्यक्तिगत करदाताओं के साथ कॉरपोरेट टैक्स को भी 25 फीसदी से नीचे लाने की सिफारिश की है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इनकम टैक्स की धारा 115 बीएबी में बदलाव करना चाहिए और नई इकाइयों को टैक्स में राहत देना चाहिए। इन पर शुरुआती इनकम टैक्स 15 फीसदी से ज्यादा नहीं होना



चाहिए। इस पर सरचार्ज लगाया जा सकता है। सरकार ने यह टैक्स रेट सितंबर, 2019 में लागू किया था, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 तक कर दिया था, लेकिन इस टैक्स रेट को आगे भी लागू रखना चाहिए। इससे विदेशी कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए काफी प्रोत्साहन मिलेगा।

## भारत 2025-26 में ले सकता है चीनी निर्यात पर निर्णय



**नई दिल्ली** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 में इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख टन चीनी का उपयोग हुआ, जो अनुमानित 45 लाख टन से कम है। 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती स्टॉक अधिक है और घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन के मुकाबले उत्पादन 3.4 करोड़ टन होने की उम्मीद है। मंत्रियों की समिति अगले सप्ताह बैठक कर सकती है। सरकार उद्योग को लंबा समय देकर निर्यात योजना बनाने में मदद करना चाहेगी। पिछले विपणन वर्ष में 10 लाख टन आवंटन में से 8 लाख टन का निर्यात हुआ। शीरे से इथेनॉल उत्पादन पर प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। इससे मिलें आसानी से इथेनॉल बना सकती हैं। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय रिफाइंड चीनी की कीमतें 3,829 प्रति क्विंटल हैं, जबकि घरेलू एक्स-मिल कीमत 3,885 प्रति क्विंटल है।

## एलआईसी ने टाटा कंज्यूमर और डाबर में बढ़ाई हिस्सेदारी

**एफएमसीजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने की रणनीति**





**मुंबई** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने देश की दो प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और डाबर इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। यह कदम उपभोक्ता वस्तुओं के तेजी से बढ़ते बाजार में एलआईसी की निवेश रणनीति को और मजबूत करता है। एलआईसी ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अपनी हिस्सेदारी 6.633 फीसदी से बढ़ाकर 8.645 फीसदी कर दी है। कंपनी ने 11 जुलाई से 23 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 1.99 करोड़ शेयर खरीदे। वहीं डाबर इंडिया में हिस्सेदारी 4.918 फीसदी से बढ़ाकर 6.985 फीसदी की गई है, जिसके तहत एलआईसी ने 3.66 करोड़ से अधिक शेयर खरीदे। दोनों निवेश लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाते हैं। सरकार द्वारा पारंपरिक जीवन बीमा योजनाओं पर जीएसटी हटाने के बाद एलआईसी को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पहले ही दिन कंपनी को 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश फ्लो प्राप्त हुआ। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एलआईसी ने 10,957 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल की तुलना में 3.91 फीसदी अधिक है। यह एलआईसी की बढ़ती वित्तीय मजबूती और लंबी अवधि की निवेश नीति का प्रमाण है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 592, निफ्टी 176 अंक गिरा**

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती के बाद दुनियाभर के बाजारों से मिले मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 592.67 अंक नीचे आकर 84,404.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 176.05 अंक टूटकर 25,877.85 पर बंद हुआ लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 52.80 अंक नीचे आकर 60,096.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 17.85 अंक गिरकर 18,469.70 पर था। आज ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक,फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटी और सर्विसेज के शेयर गिरावट पर रहे जबकि रियल्टी और एनर्जी शेयरों में तेजी रही।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स,टाइटन और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल सबसे अधिक लाभ में रहे । वहीं भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, के शेयर नुकसान में रहे।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हल्की गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 84,750.90 अंकों पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से 0.29 फीसदी नीचे है।

वहीं निफ्टी 50 ने 25,984.40 पर शुरुआत की, जो इसके पिछले बंद 26,053.90 से कम है। इसी तरह निफ्टी बैंक भी कमजोर खुला और 58,152.05 पर कारोबार शुरू किया, जबकि बुधवार को यह 58,385.25 पर बंद हुआ था।

ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स लगभग स्थिर रहा लेकिन इसमें हल्की गिरावट दिखी। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

# टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत! अब 10 दिसंबर 2025 तक कर सकेंगे फाइलिंग

**गुजरात, पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र को दिया था निर्देश**

**नई दिल्ली**


इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। विभाग ने 29 अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने ऑडिट केसों में आईटीआर फाइल करने की पुरानी डेडलाइन 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर अब 10 दिसंबर 2025 कर दी है। यह निर्णय देशभर के लाखों टैक्सपेयर्स और प्रोफेशनल्स के लिए राहत लेकर आया है, जिन्हें समय की कमी के चलते परेशानी हो रही थी। सीबीडीटी ने यह फैसला टैक्सपेयर्स की मुश्किलों और अदालतों के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया है। गुजरात, पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और आईटीआर फाइलिंग के बीच कम से कम एक महीने का अंतर होना चाहिए। इसी के अनुरूप अब नई डेडलाइन तय की गई है। जिन व्यवसायों का सालाना टर्नओवर 1 करोड़ से अधिक है या 10 करोड़ तक है और कैश ट्रांजैक्शन 5 फीसदी से कम हैं, उन्हें टैक्स ऑडिट कराना जरूरी है। वहीं डॉक्टर, वकील जैसे प्रोफेशनल्स जिनकी सालाना ग्रॉस रिसीट्स 50 लाख से ऊपर हैं, उन्हें भी ऑडिट करवाना होता है। यदि कोई टैक्सपेयर समय पर




ऑडिट रिपोर्ट या आईटीआर जमा नहीं करता, तो धारा 271बी के तहत कुल टर्नओवर का 0.5 फीसदी या अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक पेनल्टी लग सकती है। हालांकि, देरी का उचित कारण होने पर राहत भी मिल सकती है।

## अदाणी एयरपोर्ट्स में एआईओएनओएस के साथ नई कृत्रिम मेधा सेवा की शुरुआत

**इंटेलिजेंस कंसीयज यात्रियों को बहुभाषी और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगा**




**नई दिल्ली** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की इकाई एआईओएनओएस के साथ सहयोग किया है, ताकि हवाई अड्डों पर यात्रियों के अनुभव को और व्यक्तिगत बनाया जा सके। इस साझेदारी के तहत एएएचएल सात हवाई अड्डों पर 'इंटेलिजेंस कंसीयज' नामक एआई-संचालित सेवा लागू करेगा। यह प्रणाली चौबीसों घंटे यात्रियों को उड़ान जानकारी, गेट और सामान की स्थिति, दिशा-निर्देश और हवाई अड्डे की अन्य सुविधाओं के बारे में बहुभाषी जानकारी प्रदान करेगी। अंग्रेजी और हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में भी सेवाएं उपलब्ध होंगी। एएएचएल के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह नई एआई सेवा यात्रियों का अनुभव बदल देगी। कंपनी जल्द ही नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन भी शुरू करने वाली है, जिससे यात्रियों को और सुविधाजनक और स्मार्ट सेवाएं मिल सकेंगी।

## अल्फाबेट का रेवेन्यू सितंबर तिमाही में 100 बिलियन डॉलर के पार

**कंपनी के परफॉर्मेंस को लेकर एआई रहा मददगार**

**नई दिल्ली**

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने सितंबर तिमाही के लिए घोषणा करते हुए इसे माइलस्टोन तिमाही बताया है, जिसमें कंपनी ने अपना पहला 100 अरब डॉलर का रेवेन्यू हासिल किया। कंपनी का यह सकारात्मक प्रदर्शन सर्च, क्लाउड और यूट्यूब सभी वर्टिकल्स में मजबूत डबल-डिजिट ग्रोथ के साथ देखा गया है। 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अल्फाबेट की अर्निंग कॉल के दौरान पिचाई ने जानकारी दी कि जेमिनी ऐप पर मंथली यूजर्स की संख्या 650 मिलियन से भी अधिक हो गई है। इसी के साथ, दूसरी तिमाही के बाद से क्वेरीज को लेकर भी तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। क्लाउड ने एआई रेवेन्यू के साथ तेज ग्रोथ वाली एक शानदार तिमाही दर्ज की, जिसमें क्लाउड बैकलॉग पिछली तिमाही के मुकाबले 46 प्रतिशत बढ़कर 155 बिलियन डॉलर हो गया। पिचाई ने कहा, हमने गूगल वन और यूट्यूब प्रीमियम में ग्रोथ के कारण पेड सब्सक्रिप्शन में 300 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि बीती तिमाही में हमने एआई मोड को 40 भाषाओं के साथ रिकॉर्ड टाइम में रोल आउट किया, जिसके अब 75 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स हो चुके हैं। इसके अलावा, कंपनी ने प्रोडक्ट को लेकर 100 से ज्यादा सुधार किए हैं। एआई मोड पहले से ही कंपनी के सर्च वर्टिकल के लिए क्वेरी ग्रोथ को बढ़ा रहा है। गूगल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और चीफ बिजनेस ऑफिसर फिलिप शिंडलर ने तिमाही अर्निंग्स कॉल में कहा कि गूगल सर्विसेज का रेवेन्यू सितंबर तिमाही में 87 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह बढ़ोतरी कंपनी के सर्च और यूट्यूब में तेज ग्रोथ के कारण दर्ज की गई। गूगल सर्च में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी सभी प्रमुख वर्टिकल्स में मजबूत बढ़त के साथ दर्ज की गई, जिसमें



रिटेल और फाइनेंशियल सर्विसेज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यूट्यूब ने भी सभी वर्टिकल्स में इसी तरह का प्रदर्शन दर्ज करवाया, जिसमें ऐड रेवेन्यू में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एआई ओवरव्यू और एआई मोड को लेकर गूगल के निवेश से कुल क्वेरीज में वृद्धि को बढ़ावा दिया, जिसमें कमर्शियल क्वेरीज भी शामिल रही।

## वीवो का नया एक्स300 सीरिज स्मार्टफोन 30 को होगा लांच



**नई दिल्ली**

चाइनीज कंपनी वीवो अपने नए एक्स300 सीरिज स्मार्टफोन को 30 अक्टूबर को ग्लोबली लॉन्च करने जा रहा है। इसमें दो मॉडल शामिल हैं वीवो एक्स300 और वीवो एक्स300 प्रो । यह दोनों ही स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 प्रोसेसर से लैस हैं और चार-चार कलर विकल्पों में उपलब्ध होंगे। जानकारी के अनुसार, स्टैंडर्ड एक्स300 हेलो पिंक, आइरिस पर्पल, मिस्ट ब्लू और फैंटम ब्लैक रंग में आएगा, जबकि एक्स300 प्रो मिस्ट ब्लू, फैंटम ब्लैक, क्लाउड व्हाइट और ड्यून ब्राउन में उपलब्ध होगा। ग्लोबल वेरिएंट में दोनों फोन 16जीबी तक रैम और 512जीबी स्टोरेज के विकल्प के साथ आएंगे। अलग-अलग देशों में कलर ऑप्शन्स अलग होंगे, जैसे ऑस्ट्रेलिया में एक्स300 प्रो केवल फैंटम ब्लैक और ड्यून ब्राउन में मिलेगा, जबकि एक्स300 केवल रेड कलर में उपलब्ध होगा। बैटरी और चार्जिंग के मामले में भी दोनों डिवाइस शक्तिशाली हैं। एक्स300 प्रो में 6,510एमएएच और एक्स300 में 6,040 एमएएच की बैटरी है, जो 90वॉट वायर्ड और 40वॉट वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट करती है।

प्रो वर्जन में 6.78 इंच का 1.5के बीओई क्यू10 प्लस एलटीपीओ ओलेड डिस्प्ले है, 120एचझेड रिफ्रेश रेट और सर्कुलर पोलराइजेशन 2.0 फीचर के साथ।

दोनों फोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 चिपसेट, एलपीडीडीआर5एक्स रैम, यूएफएस 4.1 स्टोरेज और एंड्रॉयड 16 आधारित ओरिजनओएस 6 पर चलते हैं। कैमरा की बात करें तो एक्स 300 प्रो में झेसिस ट्यून्ड ट्रिपल रियर कैमरा है, जिसमें ओआईएस के साथ 50एमपी का सोनी एलवायटी-828 मेन सेंसर, 50एमपी का सैमसंग जेएन1 अल्ट्रावाइड लेंस और 200एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस शामिल है।

# एसयूवी बनी भारतीयों की पहली पसंद



**नई दिल्ली**

बीते पांच सालों में एसयूवी ग्राहकों की पहली पसंद बन चुकी हैं, जबकि हैचबैक मॉडलों की बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ऑटो कंपनियां अब इस बदलते ट्रेंड को भुनाने में जुटी हैं और लेटेस्ट फीचर्स से लैस अधिक से अधिक एसयूवी मॉडल पेश कर रही हैं। रिसर्च की रिपोर्ट 'प्रीमियमाइजेशनः इंडियाज नेक्स्ट कंजम्पशन वेव' के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में हैचबैक सेगमेंट की बिक्री में गिरावट आई है, वहीं एसयूवी ने घरेलू बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। अब देश में बिकने वाली लगभग हर दूसरी पैसेंजर गाड़ी एसयूवी है, जो ऑटो उद्योग के प्रीमियमाइजेशन की ओर बढ़ने का संकेत है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एफवाय 2018-19 से एफवाय 2023-24 के बीच हैचबैक की गिरती बिक्री की भरपाई एंट्री-लेवल और प्रीमियम एसयूवी की बढ़ती डिमांड ने की है। महिंद्रा ग्रुप के एमडी और सीईओ डॉ. अनीश शाह ने कहा, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सेडान, हैचबैक और छोटी एसयूवी नहीं बनाने का फैसला किया है। वहीं टाटा मोटर्स के एमडी शैलेश चंद्र ने बताया कि एसयूवी सेगमेंट में कंपनी की ग्रोथ इंडस्ट्री औसत से काफी अधिक है, जिसका श्रेय अपग्रेड करने वाले और पहली बार खरीदने वाले ग्राहकों को जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एसयूवी सेगमेंट में 23प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई, जबकि हैचबैक की बिक्री में 17प्रतिशत की गिरावट आई। वर्तमान में भारत में पैसेंजर गाड़ियों की कुल बिक्री में एसयूवी का मार्केट शेयर 52प्रतिशत हो गया है, जबकि हैचबैक का हिस्सा घटकर 26प्रतिशत रह गया है जो लगभग दो दशकों में सबसे कम है। मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर.सी. भार्गव के मुताबिक, भारत अब छोटी कारों से अपर-सेगमेंट की ओर बढ़ रहा है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में स्डूह्य की बिक्री में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी। जहां कभी लोग हैचबैक और एंट्री-लेवल कारों को प्राथमिकता देते थे, वहीं अब खरीदारों का झुकाव तेजी से एसयूवी की ओर बढ़ गया है।

## एन विडिया का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार

**कंपनी दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भी आगे निकली**

**मुंबई**

चिप और एआई क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एनेविडिया ने इतिहास रचते हुए अपनी मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाई है। यह वैल्यूएशन दुनिया के लगभग 190 देशों की जीडीपी से भी अधिक है। फिलहाल केवल अमेरिका (30.4 ट्रिलियन डॉलर) और चीन (19.3 ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था एनेविडिया से बड़ी है। भारत ने अपनी जीडीपी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इस तुलना में एनेविडिया का मार्केट कैप ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भी अधिक है। किसी कंपनी का मार्केट कैप उसके शेयरों की कुल बाजार वैल्यू होती है, न कि उसके पास मौजूद नकदी। एनेविडिया के पास नकद के रूप में लगभग 4.19 लाख करोड़ रुपए हैं, जो मार्केट कैप का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है। किसी देश की जीडीपी साल भर में कुल उत्पादन और सेवाओं का मूल्य होती है, जबकि संपत्ति में जमीन, उद्योग और प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं। ये बेचे नहीं जा सकते। एनविडिया या कोई भी कंपनी किसी देश को खरीद नहीं सकती, लेकिन निवेश कर सकती है, जैसे उद्योग लगाना, रोजगार देना और नई तकनीक लाना। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत किसी संप्रभु देश का मालिकाना हक हासिल करना असंभव है।



# एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन राणे? पोस्ट साझा कर खुद की घोषणा

बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी

**इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया साझा**

सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा। इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त! और जवाब तो 'हां' ही रहेगा, वो भी पक्की वाली। दोनों की कमेंट सेक्शन में इस बातचीत के बाद अब इसे एक्टर की तरफ से फिल्म की घोषणा बताया जा रहा है जिसका नाम मेसी हो सकता है।

**'एक दीवाने की दीवानियत' के बाद फिर साथ आएंगे दोनों**

'एक दीवाने की दीवानियत' में हर्षवर्धन राणे के इमोशनल किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की सफलता के बाद मिलाप जवेरी और राणे की जोड़ी एक बार फिर साथ काम करने जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक्शन, इमोशन और देसी तड़के से भरपूर होगी, बिल्कुल वैसी ही जैसी मिलाप की पिछली फिल्मों की पहचान रही है।

**गैंगस्टर ड्रामा और 'सिला' भी हैं लाइन में**

मिलाप जवेरी के प्रोजेक्ट के अलावा, हर्षवर्धन राणे कई और बड़े प्रोजेक्ट्स में भी बिजी हैं। खबर है कि उन्हें एकता कपूर की आने वाली गैंगस्टर ड्रामा फिल्म के लिए भी एप्रोच किया गया है। यह फिल्म एक क्राइम थ्रिलर यूनिवर्स की तरह बनाई जा रही है, जिसमें जबरदस्त एक्शन और ग्रे शेड वाले किरदार दिखेंगे। माना जा रहा है कि राणे इस फिल्म में एक गहरे और जटिल किरदार में नजर आएंगे, जो उनके करियर का नया टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

इसके अलावा, हर्षवर्धन ने हाल ही में निर्देशक ओमंग कुमार की फिल्म 'सिला' की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म वियतनाम में शूट की गई और इसमें उनके साथ अभिनेत्री सादिया खातिब नजर आएंगी। ओमंग कुमार के निर्देशन में यह फिल्म भावनात्मक और रहस्यमयी कहानी पर आधारित बताई जा रही है।

**'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी आने वाला है**

फैंस के लिए खुशखबरी यह भी है कि 2016 की हिट रोमांटिक फिल्म 'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी तैयार हो रहा है।



# 'थामा' की सफलता पर गदगद हुए आयुष्मान खुराना

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी फिल्म 'थामा' से चर्चा में हैं, जिसे दर्शकों द्वारा अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता पर अपनी राय व्यक्त की है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना अभिनीत 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता को लेकर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही थामा में अपने किरदार के बारे में भी बताया है। चलिए जानते हैं क्या बोले आयुष्मान खुराना।

**'मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म है'**

अभिनेता आयुष्मान खुराना ने बात की। उन्होंने कहा, 'मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स हिंदी सिनेमा का सबसे सफल यूनिवर्स है। ओपनिंग कमाई के मामले में 'थामा' दूसरे नंबर पर है। यह मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग है और मुझे उम्मीद है कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म भी बनेगी।'

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में की बात**

आगे बात करते हुए अभिनेता से सवाल किया गया कि उन्हें इस फिल्म में किस चीज ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में पहली बार मैंने अपने पुराने किरदारों से हठकर रोल किया है। इसमें मैंने वैंपायर या सुपरहीरो जैसी भूमिका की है। इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं इस यूनिवर्स का बहुत बड़ा फैन हूं और जो मैं पर्दे पर देखना चाहता हूं, उसी को करना चाहता हूं।'

**फिल्म थामा के बारे में**

मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा 'थामा' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। यह फिल्म 2025 की उन चुनिंदा फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने मात्र एक हफ्ते में 100 करोड़ क्लब में जगह बना ली है। दर्शक फिल्म के रोमांचक ट्विस्ट और मनोरंजन भरे डर को खूब एंजॉय कर रहे हैं।



# इमरान हाशमी ने अपनी फिल्म 'हक' पर की बात

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी आगामी फिल्म हक के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने उसकी कहानी पर प्रकाश डाला। चलिए जानते हैं अभिनेता ने क्या कहा।

इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी शाह बानो बेगम केस पर आधारित है। अभिनेता ने अपनी फिल्म के बारे में विचार प्रकट किए हैं। साथ ही फिल्म के मुद्दे पर भी बात की। आइए जानते हैं इमरान हाशमी से हुई बातचीत के बारे में।


**'यह एक ऐतिहासिक मामला था'**

अभिनेता इमरान हाशमी ने एएनआई से बात की और अपनी आगामी फिल्म हक की कहानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह 1985 के उस मामले से प्रेरित है जिसमें अहमद खान ने शाह बानो को तलाक दिया था। यह एक ऐतिहासिक मामला था। उस समय, कोई नहीं जानता था कि शाह बानो कई महिलाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ रही थीं। इस फिल्म में, हमने इस मामले को निष्पक्ष तरीके से दिखाया है।'

**मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है:** आगे बातचीत में इमरान हाशमी से हिंदू-मुस्लिम में तनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, एक लिबरल मुस्लिम होने के नाते, मुझे इस फिल्म के दृष्टिकोण से कोई समस्या नहीं है क्योंकि हम किसी समुदाय को बदनाम नहीं कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा, मैंने परवीन से शादी की है, जो एक हिंदू हैं। मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है। मेरी मां ईसाई हैं। मेरी परवरिश धर्मनिरपेक्षता में हुई है, इसलिए मैं इस फिल्म को उसी नजरिए से देख रहा हूं। अब लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसके बारे में मैं नहीं सोच रहा।

# एक्ट्रेस तान्या राजकुमार राव संग मिलकर खोलेंगी

## शिक्षा व्यवस्था की पोल



**भारत** की नई पीढ़ी के कलाकारों में तेजी से पहचान बना रही अभिनेत्री तान्या मानिकतला अब जल्द ही अभिनेता राजकुमार राव के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बन रही है। इस फिल्म में तान्या युवा भारतीयों की आवाज बनेंगी। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए बेहद अहम होगा। फिल्म की कहानी भारत की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाइयों पर आधारित है। फिल्म उस दुनिया को सामने लाने की कोशिश करती है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह दुनिया, जहां छात्र और शिक्षक, दोनों ही एक कठिन और प्रतिस्पर्धी सिस्टम के दबाव में जीते हैं। यह कहानी न केवल सामाजिक रूप से प्रासंगिक है, बल्कि हर उस परिवार से जुड़ती है जो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी कलाकारों और निर्माताओं के लिए बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक है। निर्देशक आदित्य ने इस विषय को बड़ी गहराई और संवेदनशीलता से संभाला है। राजकुमार राव और तान्या मानिकतला का किरदार दर्शकों के दिल को छू लेगा। सूत्र के मुताबिक, तान्या का किरदार इस फिल्म का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह उन युवा भारतीयों की आवाज है जो आज के दौर में शिक्षा, करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन के साथ-साथ फिल्म का लेखन भी आदित्य निंबालकर ने किया है। कहानी में भारत के शिक्षा जगत की उन गहराइयों को दिखाया गया है, जहां छात्रों पर पढ़ाई और परीक्षा का भारी दबाव होता है, वहीं शिक्षकों को भी सिस्टम की सीमाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म शिक्षा व्यवस्था के भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर रोशनी डालती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसा आईना है जो समाज को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करेगा।

# थामा में अपने किरदार को लेकर बोलीं रश्मिका मंदाना



**अभिनेत्री** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म थामा की सफलता का लुत्फ उठा रही है। इस फिल्म में उन्होंने वैंपायर का किरदार निभाया। बात करते हुए उन्होंने फिल्म में काम के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनके लिए यह किरदार कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि थामा का अनुभव उनके लिए रचनात्मक रूप से बहुत रोमांचक था। वैंपायर का किरदार उनके लिए पूरी तरह से नया है, क्योंकि अब तक उन्होंने अपने करियर में ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया था। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था। मुझे नहीं पता था कि वैंपायर या बेताल जैसे प्राणी का किरदार कैसे निभाया जाता है। यह भूमिका मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण और जटिल थी। उन्होंने इस अनुभव को दिलचस्प करार देते हुए कहा, इस तरह के किरदारों के साथ काम मेरे लिए हमेशा नई चीजें सीखने जैसा होता है। सामान्य किरदार निभाना भी एक तरह का आनंद देता है, लेकिन जब कोई बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलता है, तो यह अनुभव एक अलग ही तरह का उत्साह देता है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इस किरदार में खुद को बदलने की पूरी प्रक्रिया बेहद आकर्षक लगी। जब कोई कलाकार किसी सामान्य किरदार में काम करता है, तो उसका आनंद अलग होता है, लेकिन किसी अलग प्राणी का किरदार निभाना उसे एक नए तरह का उत्साह और खुशी देता है। रश्मिका ने अपने प्रोड्यूसर अमर कौशिक और निर्देशक आदित्य सरपोतदार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, इस नए और चुनौतीपूर्ण किरदार को निभाने में उनका मार्गदर्शन और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहा। रश्मिका ने खुलासा किया कि उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए बिल्कुल जीरो से शुरुआत की।

# टीचर बनना चाहती थी मलायका



**आज** हम आपको बॉलीवुड की बहुत ही टैलेंटेड और खूबसूरत अदाकारा से मिलवा रहे हैं. बॉलीवुड के पॉपुलर आइटम सॉन्ग्स से तहलका मचाने वाली इस हसीना की दीवानगी आज भी उतनी ही है जितनी सालों पहले हुआ करती थी. जी ये हसीन अदाकारा कोई और नहीं, बल्कि शाहरुख खान के साथ 'छैंया-छैंया' गाने से लोगों का दिल जीतने वाली मलाइका अरोड़ा हैं, जिनकी अदाओं पर आज भी लोग जान छिड़कते हैं. आज मलाइका किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. अपने बेहतरीन डांस से वो सबको अपना दीवाना बना लेती हैं. लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है. मुंबई में जन्मीं मलाइका अरोड़ा की मां जॉयस पॉलीकार्प मलयाली फैमिली से आती हैं और पिता पंजाबी हिंदू परिवार से थे. एक्ट्रेस को अपने शुरूआती दिनों में काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ा था. एक बार एक्ट्रेस ने खुद बताया था कि वह कभी इतने छोटे घर में रहती थीं कि उसकी तुलना माचिस की डिब्बी से कर सकते हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया था कि बचपन में बहुत कुछ झेलना पड़ा. हालांकि, आज एक्ट्रेस के पास हर तरह की सुविधाएं हैं. करियर की बात करें तो मलाइका कभी फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं, वो हमेशा से एक टीचर बनना चाहती थीं. लेकिन डांस ने उनका जीवन बदल दिया और वो इंडस्ट्री की सबसे मशहूर आइटम गर्ल बन गई.

# तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली की बात

**हाल** ही में तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली के बारे में कई बातें बताई हैं। उनके मुताबिक फिल्म में काम करने के बाद उनमें कई बदलाव आए हैं। तमन्ना भाटिया इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में की हैं, लेकिन उनके डांस नंबर आज भी दर्शकों को दीवाना बनाते हैं। उन्होंने दो दशक पहले हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय में कदम रखा था, लेकिन उन्हें सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने प्रभास के साथ बाहुबली॰ द बिगिनिंग में काम किया। इसके बाद, उन्होंने बाहुबली 2॰ द कन्क्लूजन से पर्दे पर वापसी की और तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## तमन्ना भाटिया में आया बदलाव

फिल्मफेयर के साथ बातचीत में, तमन्ना भाटिया ने बताया कि कैसे बाहुबली फ्रैंचाइजी ने उन्हें बदल दिया। उन्होंने कहा बाहुबली एक ऐसी फिल्म थी जिससे मैंने सबसे ज्यादा सीखा। हम एक हरे रंग की स्क्रीन के सामने शूटिंग कर रहे थे, इसलिए हमें बहुत सी चीजों की कल्पना करनी पड़ी। मैंने वीएफएक्स के बारे में सीखा। किसी फिल्म को बेहतर बनाने के लिए इसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है यह भी सीखा। इसने मुझे प्रयोग करने का और भी आत्मविश्वास दिया। उसके बाद से, मैंने लोगों की राय को गंभीरता से लेना बंद कर दिया। मैं अपने अंतर्मन पर ज्यादा भरोसा करने लगी।



# 4000 करोड़ी फिल्म रामायण के लिए फ्री में काम कर रहे विवेक ओबेरॉय

**बॉलीवुड** एक्टर विवेक ओबेरॉय की जबरदस्त एक्टिंग के फैंस दीवाने रहते हैं. हालांकि, उनका फिल्म करियर कुछ खास नहीं रहा है. विवेक ओबेरॉय फिल्मों में कम ही नजर आते हैं और रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं. फिलहाल, उनकी पाइपलाइन में अभी कुछ फिल्में हैं, जिसमें डायरेक्टर नितेश तिवारी की 4000 करोड़ी मूवी रामायण है. इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय विभीषण का किरदार निभाते नजर आएंगे. फिल्म रामायण में उनकी फीस को लेकर जानकारी सामने आई है. आइए जानते हैं कि इस फिल्म के लिए उन्होंने कितनी फीस ली है. विवेक ओबेरॉय ने बात करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा से कहा था कि वह फिल्म के लिए एक भी पैसा नहीं लेना चाहते हैं. वह अपनी पूरी फीस कैंसर से पीड़िता बच्चों की मदद के लिए दान करना चाहते हैं. विवेक ओबेरॉय ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मैं आपका सपोर्ट करना चाहता हूं कि क्योंकि ये काम मुझे पसंद है. मुझे लगता है कि ये इंडियन सिनेमा को ग्लोबल स्टेज पर ले जाएगा. हॉलीवुड महाकाव्यों के लिए भारत की तरफ रामायण जवाब होगा. ये उस कंपनी से जुड़ी है, जिसने 7-8 ऑस्कर जीते हैं और भी शानदार काम किए हैं. वास्तव में रामायण से बड़ा और बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है. इसे ग्लोबल फील्ड में ले जाना काफी एक्साइटिंग है.



## फिल्म रामायण की स्टारकास्ट

फिल्म रामायण में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, विवेक ओबेरॉय, रवि दुबे, सनी देओल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, अरुण गोविल, काजल अग्रवाल, इंदिरा कृष्णन, कुणाल कपूर, शीबा चड्ढा जैसे तमाम सितारे नजर आएंगे. फिल्म भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर, माता सीता किरदार साई पल्लवी और रावण का किरदार यश निभाएंगे.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in